page 1_Layout 1 24-09-2026 21:21 Page 1

अनमोल वचन

'जो दूसरों के हित में काम करता है, वही सच्चा भक्त है।'

डेली

आवाज भारती

बुलंद भारत की बुलंद आवाज़

» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » शुक्रवार, 25 सितंबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :153 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल



पढ़े पृष्ठ 6 पर...

पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर किया एयरस्ट्राइक

10 ठिकानों पर किए हमले

सीमा पार घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करने के बाद कार्रवाई

- सूचना मंत्रालय का दावा, सोमवार को 28 आतंकी मार गिराए गए

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच एक बार फिर से माहौल तनावपूर्ण हो गया। पाकिस्तान ने वीरवार सुबह-सुबह अफगानिस्तान के 10 ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की है। पाकिस्तान सेना का दावा इन ठिकानों से एक दिन पहले उसके खिलाफ ड्रोन हमले किए गए थे। सीमा पार घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करने के बाद यह कार्रवाई की गई। पाकिस्तान ने बुधवार को भी अफगानिस्तान पर हमला किया था। पाकिस्तान ने इस पर कहा था कि उसके सुरक्षा बलों ने 8 ड्रोन मार गिराए हैं। ये ड्रोन अफगान तालिबान ने भेजे थे और सीमा पार घुसने की कोशिश कर रहे थे। पाकिस्तान के मुताबिक, इनसे कोई नुकसान नहीं हुआ।

28 आतंकी मारने का भी कर चुका है दावा

सोमवार को पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में एयरस्ट्राइक की थी। पाकिस्तान के सूचना मंत्रालय ने दावा किया था कि इसमें 28 आतंकी मारे गए। वहीं, अफगान अधिकारियों ने कहा था कि हमले में कम से कम 3 नागरिकों की मौत हुई और 4 घायल हुए।

नशा तस्करी मामले में बड़ा एक्शन: खाकी के आला अधिकारियों के बड़े कारनामें

6 साल से फरार एआईजी राजजीत सिंह गिरफ्तार

- पटियाला पुलिस के सामने कर दिया आत्मसमर्पण
- चर्चित फरारी मामलों में से एक का हो गया हुआ अंत
- राजजीत सिंह पंजाब पुलिस में वरिष्ठ अधिकारी रहे हैं

डेली आवाज भारती



नशा तस्करी से जुड़े मामलों में नामजद होने के बाद अक्टूबर 2019 से फरार चल रहे बर्खास्त एआईजी राजजीत सिंह ने पटियाला पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। इसके बाद पुलिस ने उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया। राजजीत सिंह के आत्मसमर्पण के साथ ही पंजाब के लंबे समय से चले आ रहे चर्चित फरारी मामलों में से एक का अंत हो गया है। पंजाब के DGP गौरव यादव ने इसकी पुष्टि की है।

नशा तस्करी से जुड़े मामलों में कार्रवाई

राजजीत सिंह कभी पंजाब पुलिस में वरिष्ठ अधिकारी रहे हैं। उनके खिलाफ नशा तस्करी से जुड़े मामलों में कार्रवाई चल रही थी और वह करीब 6 साल से पुलिस की गिरफ्त से बाहर थे। अब गिरफ्तारी के बाद पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

यमुना एक्सप्रेसवे पर एक स्लीपर बस में भीषण लगी आग

9 यात्रियों की जिंदा जलकर हुई मौत

डेली आवाज भारती



उत्तर प्रदेश के नोएडा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर बुधवार रात एक दर्दनाक हादसा हुआ। जेवर एयरपोर्ट से करीब 2 किलोमीटर दूर एक प्राइवेट स्लीपर AC बस में अचानक आग लग गई। हादसे में 9 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि कई यात्रियों ने खिड़कियां तोड़कर कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 5 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब 45 मिनट में आग पर काबू पाया गया। शुरुआती जांच में AC में स्पार्क या ब्लास्ट की बात सामने आई है। वहीं, बस में पटाखे होने की आशंका भी जताई जा रही है। हालांकि पुलिस का कहना है कि पूरी जांच के बाद ही सही वजह स्पष्ट होगी। जानकारी के मुताबिक, बस दिल्ली के कश्मीरी गेट से रात करीब साढ़े 9 बजे महोबा के लिए निकली थी। हादसे के वक्त बस में करीब 35 यात्री सवार थे। रात करीब 12 बजे बस में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते पूरी बस आग की चपेट में आ गई। हादसे में बस पूरी तरह जल गई। मृतकों के शव भी बुरी तरह झुलस गए हैं, जिससे उनकी पहचान में परेशानी हो रही है। पुलिस ने बस के ड्राइवर और कंडक्टर को हिरासत में लिया है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताया

करीब 2 घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चला। रेस्क्यू टीम ने खिड़कियां तोड़कर 20 से ज्यादा यात्रियों को बाहर निकाला। इसके बाद बस के पिछले हिस्से को काटकर अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया है।

पंजाब में विधानसभा चुनाव खत्म होने तक एसआईआर पर रोक लगाई जाए: कांग्रेस

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने गुरुवार को मांग की कि राज्य में अगले छह महीनों में होने वाले विधानसभा चुनावों तक वोटर लिस्ट के 'विशेष गहन पुनरीक्षण' (एसआईआर) पर रोक लगाई जाए। उन्होंने यह भी मांग की कि चुनाव मौजूदा वोटर लिस्ट के आधार पर ही कराए जाएं और इसमें कोई नाम न हटाया जाए, वही लिस्ट जिसे 2024 के आम चुनावों के लिए आधार बनाया गया था। यही एकमात्र तरीका है, जिससे यह पक्का किया जा सकता है कि किसी भी असली वोटर को वोट देने के कीमती अधिकार से वंचित न किया जाए। राज्य कांग्रेस अध्यक्ष ने एक बयान में कहा कि पहली बार वोट देने वाले हजारों असली और योग्य लोगों को वोट देने के अधिकार से वंचित किया जा रहा है। ऐसा नए %फॉर्म 6% की बहुत ज्यादा जटिलताओं के कारण हो रहा है, जिसे उन्हें वोटर के तौर पर रजिस्टर होने के लिए भरना होता है। उन्होंने कहा कि पहली बार वोट देने वालों के लिए पिछली वोटर लिस्ट में अपने माता-पिता या दादा-दादी का जिक्र करने की शर्त पूरी करना सबसे मुश्किल काम है। भले ही पंजाब के लिए वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट अभी जारी नहीं किया गया है, लेकिन ऐसे संकेत और आशंकाएं हैं कि वोटर लिस्ट से लाखों वोटरों के नाम हटाए जा रहे हैं। वडिंग ने कहा, यह न्याय और चुनावी लोकतंत्र का मजाक होगा कि चुनाव से कुछ महीने पहले ही वोटरों के एक बड़े हिस्से को वोट देने के अधिकार से वंचित कर दिया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि विधानसभा चुनाव तक एसआईआर को रोक दिया जाना चाहिए।

पंजाब सरकार ने पिछले साढ़े चार सालों में बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग के सपने पूरे किए: हरजोत सिंह बैंस

- भाजपा केंद्रीय एजेंसियों के जरिए पंजाब में दखल देने के नाकाम प्रयास कर रही है, पंजाब की जनता ऐसे फॉर्मूले को कभी स्वीकार नहीं करेगी : बैंस

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़/सुकून महाजन: कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि पिछले साढ़े चार सालों में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई में पंजाब सरकार ने पंजाबियों की उम्मीदों और सपनों के अनुसार ऐतिहासिक काम किए हैं। सरकार ने मुफ्त बिजली, बेहतर शिक्षा, अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं, शहीदों के परिवारों के लिए सम्मान राशि और महिलाओं के लिए सम्मान राशि जैसी अपनी सभी गारंटियां पूरी की हैं। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पंजाब देश का एकमात्र ऐसा राज्य है जहां बिना किसी धर्म, जाति या सालाना आय के भेदभाव के हर एक के लिए 10 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा मुहैया करवाया जा रहा है। इसके अलावा, महिलाओं के लिए 1000 रुपए के वादे से भी आगे बढ़कर दलित परिवारों की महिलाओं के लिए 1500 रुपए की राशि दी जा रही है। अन्य राज्यों की शर्तों वाली योजनाओं से तुलना करते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली और हरियाणा में कहने को 2100 रुपए हैं लेकिन वहां आमदनी और घरेलू सामान संबंधी कई शर्तें लगाई गई हैं, जबकि पंजाब में 18 साल से ऊपर की हर मां-बहन को बिना किसी शर्त के यह सुविधा मिल रही है। इसके साथ ही नहरी पानी के विकास और पंजाब के सुनहरे भविष्य के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास किए गए हैं। केंद्र की सत्ताधारी पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए मंत्री बैंस ने कहा कि पंजाब की सियासी जमीन पर भारतीय जनता पार्टी को कोई समर्थन नहीं मिला है। रैलियां करने और नेताओं को डराने-धमकाने के सारे हथकंडे फेल होने के बाद अब भाजपा केंद्रीय एजेंसियों के जरिए पंजाब में दखल देने की कोशिश कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पंजाब की सोच देश के अन्य राज्यों से अलग है, इसलिए यहां ऐसा फॉर्मूला बिल्कुल नहीं चलेगा और ऐसी चालों से भाजपा अपना बचा हुआ 5-7 फीसदी वोट बैंक भी गंवा बैठेगी। उन्होंने कहा कि पंजाबी धक्केशाही के खिलाफ डटकर विरोध करते हैं और विरोधियों की यह कोशिशें नाकाम रहेंगी। मान सरकार के विकास कार्यों को रोकने की साजिशों पर बोलते हुए उन्होंने विश्वास दिलाया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान पर रब की मेहर है और पंजाबियों के सपने और विकास के काम किसी भी कीमत पर नहीं रुकेंगे।

देश में इस दिन व्यापारी-दुकानदार नहीं लेंगे यूपीआई से पेमेंट

- ऑनलाइन पेमेंट का चलन देश में काफी ज्यादा आगे बढ़ गया है
- जेनरेशन ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर करना ही बेहतर समझती है
- 2000 से ज्यादा ट्रांजैक्शन पर लगने वाले 0.4प्रतिशत चार्ज का विरोध

डेली आवाज भारती

यूपीआई-डे मनाने का किया ऐलान



नई दिल्ली। देश में ऑनलाइन पेमेंट करने का चलन काफी ज्यादा बढ़ गया है। मौजूदा जेनरेशन कैश रखने की जगह पर ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर करना ही बेहतर समझती है पर अब लोगों को अपनी जेब में कैश रखना पड़ेगा क्योंकि 2 अक्टूबर से UPI पेमेंट नहीं कर पाएंगे। क्योंकि पूरे देशभर में व्यापारियों ने सरकार के नए नियमों के विरोध में UPI Day मनाने का ऐलान किया है। दरअसल UPI Day वाले दिन देशभर के सभी व्यापारी व दुकानदार UPI से कोई भी पेमेंट नहीं लेंगे। इस दिन व्यापारी संगठन 15 अक्टूबर से 2000 रुपए से ज्यादा ट्रांजैक्शन पर लगने वाले 0.4त्न चार्ज के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे। व्यापारियों की इस चार्ज को हटाने की मांग है। इस दौरान व्यापारी QR कोड, स्कैनर, साउंड बॉक्स और अन्य डिजिटल पेमेंट डिवाइसेस को काले कपड़े से ढककर विरोध करेंगे।

सरकार के नए नियम का हो रहा विरोध

आपको बता दें कि सरकार के नए नियम के मुताबिक अगर आप किसी भी दुकानदार को UPI के जरिए 2 हजार से ज्यादा की पेमेंट करते हैं तो इस पर 0.4 फीसदी चार्ज लगेगा। इसी को लेकर दुकानदारों और व्यापारियों की तरफ से विरोध हो रहा है। हालांकि अगर एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति को पैसे भेजता है तो वह बिल्कुल फ्री है।

सरदार सुखबीर सिंह बादल ने अवैध रेत खनन की केंद्रीय जांच की मांग करते हुए कहा कि इस गैर कानूनी व्यापार से प्राप्त पैसा अरविंद केजरीवाल को भेजा जा रहा

घोषणा: अगली अकाली दल सरकार बुढ़ापा पेंशन सुरक्षित करने के लिए आयु सीमा कम करने के अलावा 3 लाख रिक्त सरकारी पदों को भरेगी

डेली आवाज भारती





अजनाला/चंडीगढ़। शिरोमणी अकाली दल के अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल ने आज पंजाब में अवैध रेत खनन की केंद्रीय जांच की मांग करते हुए दावा किया कि इस अवैध व्यापार से मिलने वाला पैसा सीधे आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को भेजा जा रहा है।

अकाली दल अध्यक्ष ने यहां पंजाब बचाओ रैली को संबोधित किया जिसमें हजारों लोग आज सुबह तुफान में रैली का तंबू उखे जाने के बावजूद भी 15000 से अधिक लोग उन्हें सुनने के लिए खुले में खे थे। उन्होने रैली को भव्य सफलता दिलाने के लिए हलका इंचार्ज जोध सिंह समरा और उनकी टीम के समर्पण और प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। पार्टी अध्यक्ष ने आगामी 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए उन्हें अपना उम्मीदवार भी घोषित किया। उन्होने जोर देकर कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं के जोश ने साफ कर दिया है कि पंजाब में एक तुफान आ चुका है जो दिल्ली की सभी पार्टियों के साथ-साथ नकली पंथक संगठनों को बाहर निकाल फेंकेंगा और 2027 में अकाली दल सरकार का गठन होगा।

एक अन्य ऐतिहासिक घोषणा करते हुए सरदार सुखबीर सिंह बादल ने वादा किया कि आगामी विधानसभा चुनावों में सत्ता में आने के तत्काल बाद अकाली दल राज्य में तीन लाख रिक्त सरकारी पदों को भरेगा। '' इन पदों पर अकेले पंजाबियों को भर्ती किया जाएगा और बाहरी लोगों की भर्ती की अनुमति देने वाला आम आदमी पार्टी द्वारा स्थापित किए गए कानून को रदद किया जाएगा। '' उन्होने यह भी घोषणा की कि बु ापा पेंशन प्राप्त करने के लिए आयु सीमा को पुरूषों के लिए 60साल और महिलाओं के लिए 55 साल तक कम कर दिया जाएगा। आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा किए गए भ्रष्टाचार के बारे में सरदार बादल ने कहा,'' हम देख रहे हैं कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जमीन उपयोग में परिवर्तन, मोहाली और न्यू चंडीगे में जमीन अधिग्रहण और भूमि डेवलपर्स को छूट देने के संबंध में कैसे कार्रवाई की जा रही है, और राज्य में अवैध खनन की इसी तरह स्वतंत्र जांच की मांग की जानी चाहिए।'' उन्होने कहा कि पंजाब में अवैध खनन व्यापार का धंधा माफिया अभियान की तरह चलाया जा रहा है और आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल के लिए पैसा एकत्र करने के लिए आप विधायकों और नेताओं का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होने कहा,'' विस्तृत जांच से ही पता चलेगा कि पंजाब से कितना धन लूटा गया और यह पैसा आम आदमी पार्टी से वसूला जाना चाहिए।'' अकाली दल अध्यक्ष ने इस अवसर पर वारिस पंजाब दे (डब्ल्यूपीडी) संगठन पर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पंथक वोट को वितरित करने के एकमात्र मकसद से इस संगठन को खे ा किया है। उन्होने कहा,'' मुख्यमंत्री हर महीने डब्ल्यूपीडी को वित्तपोषित करने के लिए मंडी बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होने इस अवसर पर संगठन प्रमुख अमृतपाल सिंह के पिता तरसेम सिंह को भी बेनकाब करते हुए बताया कि वह 35 सालों से से अधिक समय से कांग्रेस पार्टी के मैंबर हैं। उन्होने कहा,'' ऐसे लोगों को किसी भी तरह से पंथक नही कहा जा सकता, क्योंकि जब फोरेंकिस सबूतों से पता चलता कि भगवंत मान ने गुरु साहिबान की बेअदबी की और यहां तक कि संत जरनैल सिंह भिंडरावाला की प्रतिमा पर पेशाब किया तब भी उन्होने उनके विरोध में एक शब्द भी नही कहा।'' उन्होने कहा कि वारिस पंजाब दे को पंथ में कोई दिलचस्पी नही है, और वह पंजाब को 1980 दशक के अंधेरे के युग में वापिस लेकर जाने की परिस्थितियां बनाकर इसके खिलाफ काम कर रहे हैं। बाद में एक सवाल का जवाब देते हुए सरदार बादल ने पूर्व मुख्यमंत्री सरदार परकाश सिंह बादल द्वारा शुरू की गई सामाजिक भलाई योजनाओं को अपना बताते हुए आम आदमी पार्टी द्वारा वितरित किए जा रहे पर्चों को झूठ का पुलिंदा बताया।

उन्होने कहा,'' पंजाबी इस तरह के प्रचार पर कभी भी विश्वास नही करेंगें क्योंकि वे जानते हैं कि आप पार्टी ने पूर्ववर्ती अकाली दल सरकारों द्वारा पंजाबियों को दिए जाने वाले सामाजिक लाभों को यां तो कमजोर कर दिया है यां पूरी तरह से बंद कर दिया है।'' उन्होने कहा कि जिन लाभों को रोक दिया गया है, उनमें छात्राओं को दी जाने वाली मुफ्त साइकिल, खेल किट, जिम, मुफ्त दवाई की दुकानें, रिवर्स ऑस्मोसिस प्लांटस, सुविधा केंद्र और सांझ केंद्र शामिल हैं। उन्होने कहा कि आप पार्टी की सरकार ने 'आटा-दाल' योजना के तहत मिलने वाले लाभों को काफी कम कर दिया है, अकाली दल सरकारके दौरान 30 किलो गेंहू वितरित किया जाता था वह अब मौजूदा सरकार ने 5 किलो कर दिया गया है। यह कहते हुए कि उनके पास पंजाब के लिए एक कार्य योजना है, सरदार बादल ने कहा कि कौशल विकास समय की मांग है और अगली अकाली दल सरकार सभी जिला मुख्यालयों में केंद्रों के साथ एक स्किल यूनिवर्सिटी स्थापित करेगी। उन्होने कहा,'' कॉरपोरेट कंपनियों छात्रों को प्रशिक्षण देंगी और उन्हें प्रमाा पत्र प्रदान करेंगी, जिससे उनहें लाभकारी रोजगार प्राप्त करने में मदद होगी।''

CMYK

page 2_Layout 1 24-09-2026 21:00 Page 1

बच्चों की कल्पना में दिखता है विकसित भारत का भविष्य : नायब सिंह सैनी

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बच्चों की कल्पना में जो विकसित भारत आकार लेता है, वही आने वाले समय में वास्तविक भारत के रूप में हमारे सामने आएगा। बच्चों की प्रतिभा को उचित मंच और प्रोत्साहन देकर उनमें रचनात्मकता, संस्कार, सेवा भावना तथा राष्ट्र निर्माण का भाव विकसित किया जा सकता है। मुख्यमंत्री वीरवार को कुरुक्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कनीपला में आयोजित सेवा संकल्प अभियान एवं निपुण चित्रकला प्रदर्शनी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 'माधव सभागार' एवं परम गुरु जी के भित्ति चित्र का अनावरण किया तथा चित्रकला प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, उपायुक्त विश्राम मीणा, डॉ. ओम प्रकाश अरोड़ा, रत्न चंद सरदाना, डॉ. प्रीतम सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कनीपला में सोलर पैनल लगाने के लिए 11 लाख रुपये देने की घोषणा की। साथ ही, कनीपला गांव के विकास कार्यों के लिए 21 लाख रुपये देने की भी घोषणा की।

सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से बच्चों को राष्ट्र सेवा की प्रेरणा मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चल रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत आयोजित किया गया है। अभियान के अंतर्गत 17 से 21 सितंबर तक कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए चित्रकला और भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं में चयनित कृतियां जिला स्तरीय प्रदर्शनी में प्रदर्शित की गई हैं। उन्होंने प्रदर्शनी में शामिल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि बच्चों के हाथों में रंग होते हैं, लेकिन उन रंगों को सपनों में बदलने का विश्वास परिवार और शिक्षक देते हैं। प्रदर्शनी में स्वच्छ भारत, आत्मनिर्भर भारत, पर्यावरण संरक्षण, सेवा भावना और वर्ष 2047 के विकसित भारत की परिकल्पना जैसे विषयों को बच्चों ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से प्रस्तुत किया है।



25 वर्षों की सेवा से प्रेरणा लेकर विकसित भारत के निर्माण में योगदान का आह्वान

नायब सिंह सैनी ने कहा कि 'सेवा संकल्प अभियान' केवल उपलब्धियों को याद करने का अवसर नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों से प्रेरणा लेते हुए हमें विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत आज विज्ञान, तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है। देश ने अंतरिक्ष विज्ञान सहित अनेक क्षेत्रों में अपनी क्षमता का परिचय दिया है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने सपनों को लक्ष्य में बदलें और देश के विकास में योगदान देने के लिए निरंतर प्रयास करें।

माधव सभागार और भित्ति चित्र नई पीढ़ी को देंगे प्रेरणा

मुख्यमंत्री ने कहा कि कनीपला के इस विद्यालय में एक ओर बच्चों द्वारा बनाए गए चित्र भविष्य के भारत की कल्पना को सामने रखते हैं, वहीं दूसरी ओर माधव सभागार में परम पूजनीय माधव सदाशिवराव गोलवलकर 'श्री गुरु जी' का भित्ति चित्र इतिहास, संस्कार और कर्तव्य की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि इतिहास हमें जड़ें देता है, शिक्षा हमें पंख देती है, संस्कार हमें दिशा देते हैं और सपने हमें उड़ान देते हैं। मजबूत जड़ों और भविष्य की स्पष्ट दृष्टि वाली पीढ़ी को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री गुरु जी असाधारण व्यक्तित्व थे, जिन्होंने अपना पूरा जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित कर दिया। उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। बच्चों को उनके जीवन, विचारों और राष्ट्र सेवा की भावना से परिचित कराने तथा उनकी स्मृति को संजोए रखने के लिए यह भित्ति चित्र तैयार किया गया है। यह पहल राष्ट्र, संस्कृति और समाज के प्रति समर्पण की भावना को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम बनेगी। उन्होंने कहा कि जीवन वह बड़ा नहीं होता जो अपने लिए जिया जाए, बल्कि समाज के लिए जिया जाने वाला जीवन श्रेष्ठ होता है। श्री गुरु जी का जीवन राष्ट्र और समाज के प्रति इसी समर्पण की भावना का उदाहरण है।

शिक्षा व्यवस्था में तकनीक, नवाचार और कौशल पर विशेष जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकारी विद्यालयों में डिजिटल शिक्षा, स्मार्ट क्लासरूम, टैबलेट वितरण और ई-लर्निंग को बढ़ावा दिया गया है। विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कोडिंग और डिजिटल कौशल से जोड़ने के साथ-साथ कौशल विकास कार्यक्रमों को विद्यालय स्तर से जोड़ने तथा उच्च शिक्षा में अनुसंधान एवं नवाचार को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से सुपर-100 तथा बुनियाद जैसे कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। सुपर-100 की सीटों को 500 से बढ़ाकर 600 किया गया है।

विद्यार्थियों को वैश्विक अवसरों के लिए तैयार कर रहा हरियाणा

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का भारत पूरी दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहा है। ऐसे में विद्यार्थियों को वैश्विक अवसरों के लिए तैयार करना भी आवश्यक है। इसी दिशा में सरकारी विद्यालयों में फ्रेंच भाषा की पढ़ाई शुरू की गई है, जबकि जर्मन भाषा के लिए समझौता किया गया है तथा जापानी और कोरियाई भाषाओं की पढ़ाई भी चरणबद्ध रूप से शुरू करने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के राजकीय विद्यालयों में खेल सुविधाओं के विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस वर्ष सभी राजकीय उच्च एवं वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के खेल मैदानों के विकास के लिए एक-एक लाख रुपये उपलब्ध करवाए गए हैं।

जमीनी विवाद को लेकर व्यक्ति एवं उसके दामाद को मारपीट कर किया जख्मी

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना लक्खोके बहराम की पुलिस ने बीते दिन एक व्यक्ति व उसके दामाद को जमीनी विवाद को लेकर मारपीट करके जख्मी करने वाले पांच लोगों के खिलाफ मारपीट करने की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना लक्खोके बहराम के एएसआई त्रिलोक सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता सुरजीत सिंह पुत्र जरनैल सिंह वासी गांव निहाला किलचीयां ममदोट ने बताया कि बीते दिन जमीन के विवाद को लेकर दोषी बगु सिंह पुत्र जीत सिंह, मनप्रीत सिंह पत्नी बगु सिंह, जशनदीप सिंह पुत्र बगु सिंह वासी गट्टी मतड़, गुरमीत सिंह पुत्र संता सिंह व जनको पत्नी गुरमीत सिंह वासी सरुप वाला ने पीड़ित व उसके दामाद तरसेम सिंह के साथ मारपीट की और उन्हें जख्मी कर दिया था। जिसके बाद दोषी वहां से फरार हो गए। मामले की जांच कर रहे त्रिलोक सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में सभी दोषियो के खिलाफ मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

के.जी.एस फाउंडेशन एवं गुरु गोबिंद सिंह स्टडी सर्कल ने सरकारी स्कूल में पौधें लगाकर अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत की

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): के.जी.एस फाउंडेशन और गुरु गोबिंद सिंह स्टडी सर्कल फिरोजपुर के संयुक्त प्रयासों से सीमावर्ती शहर को हरा-भरा बनाने के लिए चल रहे अभियान का पहला चरण बांध किनारों पर पेड़ लगाकर ग्रीन वॉल ऑफ फिरोजपुर की तैयारी के साथ पूरा कर लिया गया। उपरोक्त दोनों टीमों द्वारा दूसरे चरण की शुरुआत सरकारी हाई स्कूल दुलचीके से पौधें लगाकर की गई। जिसकी शुरुआत उप-जिला शिक्षा अधिकारी डा.सतिन्द्र सिंह नेशनल अवार्डी ने पौधा लगाकर की। इसके उपरांत दुलचीके से फिरोजपुर शहर की ओर जाने वाली सडे पर लगभग दो किलोमीटर तक छायादार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर डा. डा.सतिन्द्र सिंह ने के.जी.एस फाउंडेशन और गुरु गोबिंद सिंह स्टडी सर्कल के सभी सदस्यों को पुस्तकें और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने फाउंडेशन और स्टडी सर्कल द्वारा फिरोजपुर को हरा-भरा बनाने के अभियान की भरपूर सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि दोनों संस्थाएं ना केवल पेड़ लगाने का अभियान जारी रखेंगी, बल्कि अपने सिद्धांतों के अनुसार इनके छायादार पेड़ बनने तक इनकी देखभाल भी करेंगी। इस बार के स्टेट अवार्डी गुरभेज सिंह कोहाला को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में बोलते हुए इंद्रपाल सिंह, कुलजीत सिंह, चेयरमैन दिलबाग सिंह ने मानव जीवन में पेड़ों के महत्व पर प्रकाश डाला। अंत में मुख्य अध्यापिका रमिंदर कौर ने दोनों संस्थाओं और आए हुए गणमान्य व्यक्तियों का धन्यवाद किया।



के.जी.एस फाउंडेशन और गुरु गोबिंद सिंह स्टडी सर्कल के पदाधिकारी गणमांयों के साथ दुलचीके स्कूल में पौधें लगाते हुए।

जीरा एवं मक्खू पुलिस ने 6 ग्राम हेरोइन और नशा करने वाले सामान सहित 3 को गिरफ्तार किया

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना जीरा सिटी, सदर एवं थाना मक्खू की पुलिस ने डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 6 ग्राम हेरोइन और नशा करने वाला सामान बरामद किया है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत मामलें दर्ज किए है। जानकारी अनुसार थाना जीरा सदर के एएसआई शमशेर सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गांव फैरोके के नजदीक से शक के अधार पर बलविन्द्र सिंह उर्फ बिल्ला पुत्र गुरचरन सिंह वासी बस्ती माछीयां जीरा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3 ग्राम हैरोइन बरामद की है, जबकि दूसरे मामलें में थाना जीरा सिटी के एएसआई निर्मल सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान नशा करते हुए साहिल पुत्र सुखविन्द्र सिंह वासी अवान रोड जीरा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 1 सिल्वर पन्नी हेरोइन लगी, लाईटर और 10 रुपए का नोट बरामद किया है। इसके अलावा थाना मक्खू के एएसआई महेश सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान भिंद्र सिंह उर्फ भिंदा पुत्र स्वर्ण सिंह वासी गांव पीर मुहम्मद को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामलों की जांच कर रहे महेश सिंह, शमशेर सिंह व निर्मल सिंह ने बताया पुलिस ने उक्त दोषियों के खिलाफ मामले दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

गुरुद्वारा साहिब जीरा में लगाया गया आयुर्वेदिक कैंप



गुरुद्वारा ठट्ठा साहिब जीरा में लगाए गए कैंप में डाक्टर मरीजों की जांच करते हुए।

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): डायरेक्टर आयुर्वेद पंजाब डॉक्टर रमन खन्ना और जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी फिरोजपुर डा. रूपिंदरदीप कौर गिल के दिशानिर्देशुसार 11वां आयुर्वेदिक दिवस मनाया गया। इस मौके पर गुरुद्वारा ठट्ठा साहिब जीरा में आयुर्वेदिक कैंप लगाया गया औरर इसकी थीम सेहतमंद कल के लिए रखी गई। इस कैंप में 265 मरीजों का चेकअप किया गया और दवाएं वितरित की गई। कैंप में जरूरतमंद मरीजों की शुगर भी चेक की गई। कैंप में डा.प्रवीण कुमार राणा, डा.जसकंवरप्रीत कौर और डा.सुमन कुमारी आयुर्वेदिक मेडिकल अफसर द्वारा ड्यूटी निभाई गई और लोगों को आयुर्वेद और योग से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा किंदर कौर, रूथ भट्टी, सुखप्रीत सिंह, रमनदीप सिंह उपवैद्य और मनीष कुमार ने अपनी ड्यूटी निभाई और कैंप को सफल बनाने में सहयोग दिया।

पंजाब स्टेट पेंशनर फेडरेशन नेताओं ने की अहम बैठक

- 30 सितंबर रैली करने के पश्चात डिप्टी कमिश्नर के माध्यम से प्रधानमंत्री को भेजा जाएगा मांग पत्रःनेता

डेली आवाज भारती



पंजाब स्टेट पेंशनर फेडरेशन के पदाधिकारी बैठक में जानकारी देते हुए।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट पेंशनर फेडरेशन के आह्वान पर पेंशनरों की मांगों के संबंध में 30 सितंबर को डिप्टी कमिश्नर फिरोजपुर के कार्यालय के सामने रैली करने के उपरांत डिप्टी कमिश्नर को प्रधानमंत्री भारत सरकार के नाम मांग पत्र सौंपा जाएगा। इस संबंध में एक बैठक जिला प्रधान किशन चंद जागोवालिया की अध्यक्षता में स्टेट कर्मचारी दल (जिला प्रशासनिक परिसर) कार्यालय फिरोजपुर में हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के पेंशनर शामिल हुए। इस समय वक्ताओं में किशन चंद जागोवालिया, प्रताप सिंह ढिल्लों, डा.प्रदीप राणा, नरेश सैनी, तरसेम बेदी, गुरनाम सिंह सुधारा, मुख्तैयार सिंह आदि नेताओं ने केंद्र और राज्य सरकार की कर्मचारी व पेंशनर विरोधी नीतियों की निंदा की। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे और हवाई टिकटों में मिलने वाली रियायतें लागू की जाएं, पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाए, हेल्थ कैशलेस योजना चालू की जाए, पेंशनरों के महंगाई भत्ते में वृद्धि की जाए। उन्होंने कहा कि ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट पेंशनर्स फेडरेशन के आह्वान पर 30 सितंबर को डिप्टी कमिश्नर कार्यालय के सामने रैली करने के उपरांत डिप्टी कमिश्नर फिरोजपुर के माध्यम से मांग पत्र प्रधानमंत्री भारत सरकार को भेजा जाएगा। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार के पेंशनरों से रैली में शामिल होने की अपील भी की। बैठक में जसविंदर सिंह, राज कुमार, महेंद्र सिंह, सूजा राम, राम प्रसाद, हरी कृष्ण, गुरजिन्द्र सिंह, रणवीर सिंह कुक्कू, कर्म सिंह, लाजवंती, स्वेंद्रपाल कौर, कुष्ण कुमार लूना उपस्थित थे।

2 ग्राम हेरोइन एवं नशा करने वाले सामान सहित दो लोग गिरफ्तार

- गिरफ्तार लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत मामले दर्ज

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय एवं थाना लक्खोके बहराम की पुलिस ने उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार समाज विरोधी अनसरों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 2 ग्राम हेरोइन और नशा करने वाले सामान बरामद किया है। उक्त मामलो में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्तियों पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामले दर्ज किए है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहसहाय के एएसआई राकेश कुमार ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर कोहर सिंह वाला चौंक के नजदीक से हरप्रीत सिंह पुत्र हरमेश सिंह वासी झावला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 1 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जबकि दूसरे मामलें में थाना लक्खोके बहराम के एस.आई रणजीत सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर शेर सिंह पुत्र सुबा सिंह वासी झोक टहल सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 1 ग्राम हेरोइन, लाईटर, सिल्वर पन्नी और पाईपनुमा कागज बरामद किया है।

केन्या में भारतीय उच्चायुक्त ने हरियाणा के शिष्टमंडल के सम्मान में दिया रात्रिभोज

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। केन्या में भारत के उच्चायुक्त डॉ. आदर्श स्वाइका ने बुधवार रात राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में भाग लेने वाले हरियाणा विधान सभा के शिष्टमंडल के सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन किया। रात्रिभोज का आयोजन मुथाइगा स्थित इंडिया हाउस में किया गया। रात्रिभोज में विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण के साथ विधान सभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा और विधायक घनश्याम दास अरोड़ा सहित शिष्टमंडल के अन्य सदस्य शामिल हुए। इस अवसर पर भारतीय उच्चायोग के अनेक वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। भारतीय उच्चायुक्त डॉ. आदर्श स्वाइका ने हरियाणा के शिष्टमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि शिष्टमंडल के सम्मान में रात्रिभोज आयोजित करना उनके लिए हर्ष की बात है। इस दौरान भारत और केन्या के बीच संसदीय संबंधों, संसदीय प्रणाली तथा दोनों देशों के सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने भारतीय उच्चायुक्त और भारतीय उच्चायोग के अधिकारियों का आतिथ्य, आत्मीय स्वागत एवं सार्थक चर्चा के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के संवाद से विभिन्न देशों की संसदीय व्यवस्थाओं और सामाजिक-आर्थिक विकास के अनुभवों को साझा करने का अवसर मिलता है। बता दें कि सीपीए सम्मेलन दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन में आयोजित किया गया था। इसके उपरांत केन्या में अध्ययन दौरा आयोजित किया गया। फिलहाल शिष्टमंडल अपने दौरे के अंतिम चरण में है।

एचबीसीएच एंड आरसी पंजाब ने स्वास्थ्य बीमा के माध्यम से कैशलेस कैंसर उपचार शुरू किया

फिनांशियल ईयर 2025-26 में, लगभग 10,000 लाभार्थियों को सरकारी स्वास्थ्य देखभाल योजनाओं के माध्यम से कैशलेस उपचार मिलाः डॉ. आशीष गुलिया

नया चंडीगढ़/ संगरूर। कैंसर के इलाज को अधिक सुलभ और परेशानी मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण रोगी-केंद्रित पहल के तहत, होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (एचबीसीएच एंड आरसी), पंजाब – जो भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत टाटा मेमोरियल सेंटर की एक इकाई है – ने अपने न्यू चंडीगढ़ और संगरूर दोनों परिसरों में सार्वजनिक और निजी तीसरे पक्ष की स्वास्थ्य बीमा कंपनियों के माध्यम से कैशलेस उपचार शुरू किया है। अब तक, एचबीसीएच एंड आरसी में कैशलेस उपचार मुख्य रूप से 15 सरकारी स्वास्थ्य देखभाल योजनाओं के लाभार्थियों के लिए उपलब्ध था, जिसमें आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी), पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) और अन्य लागू योजनाएं शामिल हैं। फिनांशियल ईयर 2025-26 में, न्यू चंडीगढ़ और संगरूर परिसरों में लगभग 10,000 लाभार्थियों को सरकारी स्वास्थ्य देखभाल योजनाओं के माध्यम से कैशलेस उपचार मिला। एचबीसीएच एंड आरसी पंजाब के निदेशक, डॉ. आशीष गुलिया ने कहा, नई सुविधा के साथ, निजी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों के तहत कवर किए गए मरीज भी अपनी-अपनी पॉलिसियों की शर्तों के अधीन, पैनल में शामिल बीमा कंपनियों के माध्यम से कैशलेस कैंसर उपचार और संबंधित नैदानिक सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं। आवश्यक बीमा अनुमोदन के बाद, स्वीकार्य अस्पताल के बिलों का निपटान अब सीधे बीमा प्रदाता द्वारा किया जाएगा। पहले, मरीजों को रीइंबर्समेंट (प्रतिपूर्ति) प्राप्त करने के लिए बीमा कंपनियों को दस्तावेज और बिल जमा करने होते थे, जिससे यह प्रक्रिया काफी समय लेने वाली हो जाती थी।÷ डॉ. गुलिया ने आगे कहा कि संगरूर स्वास्थ्य बीमा के माध्यम से यह सुविधा प्रदान करने वाला ग्रामीण पंजाब का पहला सार्वजनिक क्षेत्र का अस्पताल बन गया है। डॉ. गुलिया ने कहा, कैशलेस बीमा सेवाएं, हमारी डिजिटल भुगतान पहलों के साथ, रोगियों और उनके परिचारकों के लिए प्रतीक्षा और वित्तीय असुविधा को कम करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं। एचबीसीएच एंड आरसी पंजाब ने एक क्यूआर कोड-आधारित स्मार्ट कार्ड टॉप-अप सुविधा भी शुरू की है, जिससे मरीजों को अपने स्मार्ट कार्ड पर क्यूआर कोड को स्कैन करने, वांछित राशि दर्ज करने और यूपीआई के माध्यम से भुगतान करने की अनुमति मिलती है, जिससे कार्ड को रिचार्ज करने के लिए कतारों में खड़े होने की आवश्यकता समाप्त हो जाती है।



डॉ. गुलिया ने आगे कहा, ÷एक अन्य पहल में, अस्पताल ने अपना पहला समर्पित डायरेक्ट डोनेशन लिंक और क्यूआर कोड लॉन्च किया है, जिससे दानदाता कैंसर देखभाल और रोगी सेवाओं को मजबूत करने में कहीं से भी आसानी से योगदान कर सकेंगे। दानदाताओं को प्रचलित नियमों के अनुसार लागू आयकर छूट का दावा करने के लिए दान रसीदें भी प्राप्त होंगी।

डायरेक्ट डोनेशन लिंक यह है।

चुनाव आयोग के दो आयुक्तों की आपत्तियों पर औजला बोले- विपक्ष लंबे समय से उठा रहा सर और वोटर लिस्ट का मुद्दा

डेली आवाज भारती

अमृतसर। चुनाव आयोग के भीतर चुनाव प्रक्रिया और मतदाता सूचियों से जुड़े मुद्दों पर दो चुनाव आयुक्तों की ओर से आपत्तियां दर्ज किए जाने की मीडिया रिपोर्टों के बीच कांग्रेस सांसद गुरजीत सिंह औजला ने कहा है कि विपक्ष लंबे समय से इन सवालों को उठाता आ रहा है। औजला ने कहा कि राहुल गांधी और विपक्ष लगातार विशेष गहन पुनरीक्षण यानी SIR, मतदाता सूचियों से नाम हटाए जाने, डुप्लीकेट वोट और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता जैसे मुद्दों को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। औजला ने कहा कि चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी की ओर से कथित तौर पर दर्ज की गई आपत्तियों से उन सवालों को फिर चर्चा मिली है, जिन्हें विपक्ष लंबे समय से सार्वजनिक मंचों पर उठा रहा है। सांसद औजला ने कहा कि दोनों आयुक्तों ने पिछले करीब 10 महीनों में कई मामलों पर आपत्तियां दर्ज की थीं। इनमें नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, मतदाता सूची से नाम हटाने, फॉर्म-6 में बदलाव और मतदाता डेटा से जुड़े सिस्टम के नियंत्रण जैसे मुद्दे शामिल बताए गए हैं। औजला ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की प्रक्रिया में हुए बदलाव का जिक्र करते हुए कहा कि 2023 में केंद्र सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति, सेवा शर्तों और कार्यकाल को लेकर नया कानून बनाया। इस कानून के तहत नियुक्ति की सिफारिश करने वाली समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और प्रधानमंत्री द्वारा नामित केंद्रीय कैबिनेट मंत्री को शामिल किया गया है। औजला ने कहा कि विपक्ष का तर्क है कि पहले सुप्रीम कोर्ट के 2023 के फैसले के बाद जिस व्यवस्था की बात सामने आई थी, उसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और भारत के मुख्य न्यायाधीश शामिल थे। बाद में कानून के जरिए मुख्य न्यायाधीश की जगह प्रधानमंत्री द्वारा नामित केंद्रीय मंत्री को समिति में शामिल किया गया। इससे विपक्ष का यह सवाल रहा है कि तीन सदस्यीय समिति में सरकार के दो प्रतिनिधि होने से नियुक्ति प्रक्रिया में विपक्ष की भूमिका सीमित हो जाती है। इस कानून को चुनौती देने वाली याचिकाएं भी सुप्रीम कोर्ट में लंबित हैं और 23 सितंबर 2026 को दो सदस्यीय पीठ ने मामले को पांच सदस्यीय संविधान पीठ के सामने रखने के लिए भेजा है। औजला ने कहा कि राहुल गांधी लंबे समय से स्ट्रक और मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों को लेकर सवाल उठा रहे हैं। उनके मुताबिक राहुल गांधी ने अलग-अलग राज्यों में मतदाताओं के नाम हटाए जाने, डुप्लीकेट वोट और एक ही पते पर बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम दर्ज होने जैसे मामलों का मुद्दा उठाया है। औजला ने तेलंगाना का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां मतदाता संख्या और सूची में बदलाव को लेकर राहुल गांधी ने सवाल उठाए थे। उन्होंने महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनावों का भी जिक्र किया और कहा कि इन चुनावों से पहले विपक्ष की ओर से राजनीतिक माहौल को लेकर अलग-अलग आकलन किए जा रहे थे, लेकिन चुनाव परिणाम अलग रहे। कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाया कि मतदाता सूचियों की प्रक्रिया में ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें लंबे समय से किसी क्षेत्र में रह रहे और वहीं जन्मे लोगों के नाम भी सूची से हटाए जाने की शिकायतें मिलीं। औजला ने कहा कि ऐसे लोगों के पास पहचान और अन्य जरूरी दस्तावेज होने के बावजूद उनके नामों को लेकर सवाल खड़े हुए। उन्होंने दूसरी ओर ऐसे आरोपों का भी जिक्र किया, जिनमें एक व्यक्ति के नाम पर अलग-अलग जगहों पर वोट दर्ज होने या एक ही पते पर बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम दर्ज होने की शिकायतें सामने आई।



- कहा- राहुल गांधी ने वोट कटने और डुप्लीकेट वोटों के उदाहरण रखे, 2023 के कानून से नियुक्ति प्रक्रिया में भी बदला गया संतुलन

CMYK

page 3_Layout 1 24-09-2026 21:35 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, मोहाली, जीरकपुर ⟫ शुक्रवार, 25 सितंबर 2026

नशे के खिलाफ लड़ाई सिर्फ सरकार की नहीं, हर पंजाबी की जिम्मेदारी:दीपक शर्मा

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): पंजाब की जवानी को नशे के दलदल से बाहर निकालने और समाज में नशे के खिलाफ जागरूकता की एक मजबूत लहर पैदा करने के लिए 26 सितंबर को फिरोजपुर से नशा मुक्त पंजाब यात्रा की शुरुआत की जा रही है। इस अभियान को लेकर भाजपा नेता दीपक शर्मा द्वारा हलका फिरोजपुर शहरी के विभिन्न इलाकों में लोगों से सीधा संपर्क कर उन्हें इस साझा प्रयास से जुड़ने की अपील की जा रही है। इस अभियान के तहत दीपक शर्मा द्वारा घर-घर और मोहल्ला-मोहल्ला जाकर लोगों को पर्चे बांटकर नशा मुक्त पंजाब यात्रा में शामिल होने का निमंत्रण दिया जा रहा है। इस दौरान लोगों से व्यक्तिगत तौर पर संपर्क कर नशे के खिलाफ



जागरूकता फैलाने और पंजाब की जवानी को इस सामाजिक अभियान से जोड़ने की अपील की जा रही है। दीपक शर्मा ने कहा कि नशे का मसला सिर्फ युवाओं तक सीमित नहीं रहता।

जब एक युवा नशे की गिरफ्त में आता है तो इसका प्रभाव पूरे परिवार और समाज पर पड़ता है। इसलिए इस समस्या का मुकाबला करने के लिए सरकारी प्रयासों के साथ-साथ माता-पिता, धार्मिक संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, शिक्षकों और आम लोगों की सक्रिय भूमिका भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि पंजाब की पहचान उसकी मेहनती, बहादुर और होनहार जवानी से है। हमारा साझा प्रयास होना चाहिए कि युवाओं को नशे से दूर करके शिक्षा, खेल, रोजगार, कौशल विकास और समाज सेवा से जोड़ा जाए। उन्होंने जानकारी दी कि नशा मुक्त पंजाब यात्रा 26 सितंबर को शाम 4 बजे आरफके से शुरू होगी और शाम 7 बजे दिल्ली गेट फिरोजपुर पहुंचेगी। इसके बाद यात्रा को आगे बढ़ाते हुए 27 सितंबर को गोलूका मोड़ से गुरुहरसहाय शहर के विभिन्न इलाकों को कवर किया जाएगा।

दीपक शर्मा ने कहा कि नशे के खिलाफ यह लड़ाई किसी एक व्यक्ति, पार्टी या संगठन की नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने फिरोजपुर और गुरुहरसहाय वासियों से अपील की कि इस अभियान को अपना अभियान समझकर अधिक से अधिक संख्या में इससे जुड़ें और पंजाब की जवानी को नशे से बचाने के लिए अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि अगर हम आज अपनी जवानी के लिए खड़े होंगे तभी आने वाला पंजाब सुरक्षित, स्वस्थ और मजबूत होगा।

बाबा फरीद आईटीआई में आईटीसी लिम. ने आयोजित किया रोजगार मेला

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): बाबा फरीद आईटीआई गुरुहरसहाय में वीरवार को आईटीसी लिम. फूड डिवीजन कपूरथला द्वारा छात्रों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से रोजगार मेला लगाया गया। इस रोजगार मेले में एससीवीटी और एनसीवीटी बोर्ड से मान्यता प्राप्त विभिन्न ट्रेडों, जिनमें इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर, कोपा आदि शामिल हैं के आईटीआई पास छात्रों ने उत्साह से भाग लिया।



रोजगार मेले में अधिकारी जानकारी देते हुए और मेले में हिस्सा लेते हुए नौजवान।

इस अवसर पर कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा रोजगार के लिए पहुंचे उम्मीदवारों का लिखित टेस्ट लिया गया। टेस्ट में छात्रों की तकनीकी योग्यता, विषय से संबंधित ज्ञान और कौशल की परख की जा रही है और टेस्ट के परिणामों के आधार पर योग्य उम्मीदवारों को अगले चरण के लिए इंटरव्यू में शामिल किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए बाबा फरीद आईटीआई गुरुहरसहाय के चेयरमैन दविन्द्र भनोट ने बताया कि संस्था द्वारा छात्रों को केवल तकनीकी शिक्षा ही नहीं दी जाती, बल्कि उन्हें शिक्षा पूरी करने के उपरांत रोजगार के अवसर मुहैया कराने के लिए भी लगातार प्रयास किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि आज लिए जा रहे टेस्ट में जो छात्र अच्छे अंक प्राप्त करेंगे, उन्हें कंपनी द्वारा इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा और योग्य पाए जाने वाले उम्मीदवारों को मौके पर ही ज्वाईनिंग लेटर दिया जा सकता है। चेयरमैन भनोट ने कहा कि ऐसे रोजगार मेले आईटीआई के छात्रों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि इससे उन्हें अपनी तकनीकी योग्यता के आधार पर सीधे तौर पर प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार हासिल करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि बाबा फरीद आईटीआई द्वारा पहले भी विभिन्न कंपनियों के साथ तालमेल करके संस्था के अनेक छात्रों को रोजगार के अवसर प्रदान करवाए जा चुके हैं।

उन्होंने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य युवाओं को हुनरमंद बनाने के साथ-साथ उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए बेहतर रोजगार के अवसर मुहैया कराना है। इस रोजगार मेले में शामिल हुए छात्रों ने भी संस्था द्वारा करवाए गए इस प्रयास की सराहना की और कहा कि ऐसे कैंप युवाओं को सीधे तौर पर कंपनियों से जोड़ने में सहायक सिद्ध होते हैं।

आम आदमी पार्टी के डोर-टू-डोर अभियान से लोगों को दोबारा गुमराह करना संभव नहीं : ज्ञान सिंह छत्त

- साढ़े चार साल का हिसाब मांगेंगे खरड़ हलके के लोग, अब सिर्फ वादों से नहीं बनेगी बात

डेली आवाज भारती

खरड़, (संदीप अकालगढ़िया): आम आदमी पार्टी की ओर से खरड़ हलके के नए हलका इंचार्ज द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में बैठकें करने और डोर-टू-डोर अभियान के माध्यम से लोगों से संपर्क करने की गतिविधियों के बीच कांग्रेस नेता ज्ञान सिंह छत्त ने इस अभियान पर सवाल उठाए हैं। ज्ञान सिंह छत्त ने कहा कि चुनाव नजदीक आने पर घर-घर जाकर नए वादे



करने से पिछले साढ़े चार वर्षों के दौरान लोगों द्वारा उठाए गए सवाल खत्म नहीं हो जाते। उन्होंने कहा कि नए हलका इंचार्ज द्वारा हलके में लोगों के साथ बैठकें करके नई ग्रांटों और विकास कार्यों के वादे किए जा रहे हैं, लेकिन अब लोग यह भी पूछेंगे कि पिछले साढ़े चार वर्षों के दौरान हलके के लिए क्या किया गया और पहले किए गए वादों में से कितने पूरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय से हलके के लोगों को विभिन्न राजनीतिक वादों और दावों के माध्यम से प्रभावित करने के प्रयास होते रहे हैं, लेकिन इस बार लोग अपने पिछले अनुभव को ध्यान में रखते हुए सवाल करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद लोगों की समस्याएं सुनने, उनके साथ लगातार संपर्क बनाए रखने और विकास कार्यों की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। ज्ञान सिंह छत्त ने कहा कि डोर-टू-डोर अभियान चलाना हर राजनीतिक पार्टी का अपना फैसला है और नेताओं को लोगों तक जाने का पूरा अधिकार है, लेकिन लोगों को भी सवाल पूछने और पिछले कार्यकाल का लेखा-जोखा मांगने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि खरड़ हलके के लोग नए नारों और वादों के साथ-साथ पिछले समय के दौरान हुए विकास कार्यों को भी देखेंगे।

लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने गग्गड़भाणा, टांगरा, मल्लियां और चौहान में खेल मैदानों के विकास कार्यों का किया उद्घाटन

डेली आवाज भारती

अमृतसर,के.एस. बेदी। पंजाब के लोक निर्माण मंत्री स. हरभजन सिंह ईटीओ ने आज खेल मैदानों के उद्घाटन के दूसरे चरण के तहत जिला अमृतसर के गांव गग्गड़भाणा, टांगरा, मल्लियां और चौहान में खेल मैदानों के विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और युवाओं को खेलों एवं शारीरिक गतिविधियों से जोड़ना है। इन विकास कार्यों के तहत उक्त गांवों में खेल मैदानों का नवीनीकरण, वॉलीबॉल कोर्ट का निर्माण, ओपन जिम स्थापित करना, हाई मास्ट लाइटें लगाना और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के कार्य किए गए हैं। लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा गांव गग्गड़भाणा के खेल मैदान के विकास पर 21.67 लाख रुपये, गांव टांगरा में खेल बुनियादी ढांचे के विकास पर 30 लाख रुपये, गांव मल्लियां के खेल मैदान के विकास पर 13 लाख रुपये और गांव चौहान के खेल मैदान के विकास पर 18.65 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। इस प्रकार चारों गांवों में खेल सुविधाओं के विकास पर कुल 83.32 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। खेल मैदानों का उद्घाटन करने के अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार गांव स्तर पर खेल सुविधाओं को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि युवाओं को अपने ही गांवों में खेलों और शारीरिक व्यायाम के बेहतर अवसर मिल सकें।

हथियार बरामदगी से पहले पुलिस को गच्चा देकर भागा आरोपी, राजासांसी थाना प्रभारी सस्पेंड

डेली आवाज भारती

अमृतसर। अमृतसर के राजासांसी इलाके में 2 सितंबर की रात एएसआई जसवंत सिंह को सिर में गोली मारकर घायल करने के मामले में गिरफ्तार आरोपी बुधवार रात पुलिस हिरासत से फरार हो गया। पुलिस आरोपी करण को उसकी निशानदेही पर हथियार बरामद करने के लिए मजीठा इलाके में लेकर गई थी। इसी दौरान आरोपी ने रास्ते में पेशाब करने के बहाने पुलिस टीम से कुछ दूरी बनाई और मौका पाकर फरार हो गया। घटना के बाद अमृतसर के एसएसपी कंवलप्रीत सिंह चाहल ने राजासांसी थाने के प्रभारी इंस्पेक्टर गुरप्रीत सिंह को



निलंबित कर दिया है। हालांकि, मामले को लेकर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी फिलहाल आधिकारिक तौर पर ज्यादा जानकारी देने से बच रहे हैं। जानकारी के अनुसार, 2 सितंबर की रात अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस लाइन में तैनात एएसआई जसवंत सिंह बाइक पर जा रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार दो युवकों ने उनका पीछा किया और उनके सिर पर गोली चला दी। गोली उनकी पगड़ी में फंसने के बाद सिर को हल्का नुकसान पहुंचाते हुए निकल गई थी। शुरुआत में पुलिस अधिकारियों को घटना को लेकर संदेह था, लेकिन सीसीटीवी फुटेज के आधार पर करण को गिरफ्तार किए जाने के बाद जांच आगे बढ़ी। पुलिस के अनुसार, मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा हो सकता है। बाद में तहरीके तालिबान हिंदोस्तान (TTH) की ओर से भी इस घटना को लेकर एक पोस्टर जारी किया गया था।

खरड़ सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य कार्ड वितरण समारोह,परमिंदर सिंह गोल्डी ने की शिरकत

डेली आवाज भारती

खरड़, (संदीप अकालगढ़िया): पंजाब सरकार द्वारा आम लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं और सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से एस.एम.ओ. डॉ. सरिता के नेतृत्व में सिविल अस्पताल खरड़ में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना (एम.एम.एस.वाई.) के तहत स्वास्थ्य कार्ड वितरण समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में चेयरमैन, यूथ डेवलपमेंट बोर्ड, पंजाब गोल्डी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए लाभार्थियों को स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए।

समारोह के दौरान परमिंदर सिंह गोल्डी ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा लोगों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा



कि सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ हर पात्र परिवार तक पहुंचाना सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं और योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इस अवसर पर सिविल अस्पताल खरड़ की एस.एम.ओ. डॉ. सरिता ने जानकारी देते हुए बताया कि अस्पताल में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के 1,000 से अधिक स्वास्थ्य कार्डों की हार्ड कॉपियां तैयार हैं। पात्र लाभार्थी सिविल अस्पताल खरड़ पहुंचकर अपने स्वास्थ्य कार्ड प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपना स्वास्थ्य कार्ड प्राप्त करके सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाएं। समारोह के दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से लाभार्थियों को कार्ड वितरित करने के साथ-साथ मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना और अन्य सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं संबंधी आवश्यक जानकारी भी उपलब्ध करवाई गई। मौजूद लोगों को योजना के लाभ और स्वास्थ्य कार्ड के उपयोग संबंधी भी जागरूक किया गया।

इस मौके पर ब्लॉक समिति खरड़ के चेयरमैन रघुबीर सिंह मोदी, आप हलका मीडिया इंचार्ज बलजीत सिंह, राम सरूप, अंजू चंद्रा, पूर्व प्रधान नगर कौंसिल खरड़, बिट्टू जैन, यशपाल बांसल, हलका चेयरमैन पंजाब स्टेट ट्रेडिंग कमिशन तथा सुखविंदर सिंह डिंपल के अलावा पार्टी नेता, वालंटियर और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. सरिता, एस.एम.ओ., डॉ. रमन, डॉ. सुखजीत बावा, डॉ. इशांत, डॉ. सुखमन और डॉ. राहुल भल्ला सहित अन्य स्टाफ भी विशेष रूप से उपस्थित रहा।

श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित विशेष डॉक्यूमेंट्री गांव मघर, सवाड़ा व झंझेड़ी में दिखाई गई

डेली आवाज भारती

खरड़, (संदीप अकालगढ़िया): पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत खरड़ ब्लॉक के गांव मघर, सवाड़ा और झंझेड़ी में श्री गुरु रविदास जी महाराज के जीवन, विचारधारा और समाज को दिए महान संदेश से संबंधित 30 मिनट की विशेष डॉक्यूमेंट्री फिल्म एल.ई.डी. स्क्रीन के माध्यम से दिखाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ डॉक्यूमेंट्री देखी। डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से श्री गुरु रविदास जी महाराज के जीवन तथा समाज में समानता, भाईचारे,



मानवता और आपसी सम्मान का संदेश देने के लिए किए गए उनके महान कार्यों को दर्शाया गया। उपमंडल मजिस्ट्रेट खरड़ श्री गुरमीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित यह विशेष डॉक्यूमेंट्री गांव-गांव में दिखाई जा रही है, ताकि लोग, विशेषकर युवा पीढ़ी, श्री गुरु रविदास जी महाराज के जीवन, उनकी शिक्षाओं और समाज को दिए समानता एवं मानवता के संदेश से परिचित हो सकें।

उन्होंने कहा कि श्री गुरु रविदास जी महाराज ने अपनी बाणी और विचारों के माध्यम से समाज में फैली कुरीतियों तथा ऊंच-नीच के विरुद्ध आवाज उठाते हुए सभी मनुष्यों को समान समझने और आपसी प्रेम, सम्मान व भाईचारे के साथ रहने का संदेश दिया। उनकी शिक्षाएं आज भी समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। इस अवसर पर गांववासियों ने पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि एल.ई.डी. स्क्रीन के माध्यम से दिखाई जा रही डॉक्यूमेंट्री से गुरु साहिब के जीवन और उनकी महान विचारधारा को सरल एवं प्रभावशाली ढंग से समझने का अवसर मिल रहा है। डॉक्यूमेंट्री के दौरान उपस्थित लोगों ने गुरु साहिब की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने तथा समाज में भाईचारे, समानता और मानवता की भावना को और मजबूत करने का संदेश दिया।

मछली पालन ने बदली नंदे साहनी की जिंदगी, मजदूर से बने सफल कारोबारी

15 एकड़ में मछली पालन और एकीकृत खेती मॉडल; सालाना 10 से 12 लाख रुपये का मुनाफा, 12 लोगों को मिला रोजगार

डेली आवाज भारती

रूपनगर/गुरप्रीतः मेहनत, दृढ़ इच्छाशक्ति और उद्यमी सोच से इंसान अपनी जिंदगी की दिशा बदल सकता है। इसकी प्रेरणादायक मिसाल रूपनगर जिले के गांव ककराला के मछली पालक श्री नंदे साहनी हैं, जिन्होंने मछली मजदूर के रूप में अपना सफर शुरू कर आज मछली पालन को सफल कारोबार में बदल दिया है। उनकी सफलता की कहानी न केवल स्वरोजगार की संभावनाओं को उजागर करती है, बल्कि दूसरों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने की प्रेरणा भी देती है। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए डिप्टी कमिश्नर श्री आदित्य डेचवाल ने बताया कि श्री नंदे साहनी बेहतर रोजगार और जीवन-यापन के अवसरों की तलाश में 20 वर्ष की उम्र में पंजाब आए थे। शुरुआती दौर में उन्होंने मछली मजदूर के रूप में काम किया और इस क्षेत्र से जुड़ा व्यावहारिक अनुभव हासिल किया। इसी अनुभव को अपनी ताकत बनाते हुए उन्होंने वर्ष 2005 में अपना मछली पालन का कारोबार शुरू किया। उन्होंने आगे बताया कि आज श्री नंदे साहनी लगभग 15 एकड़ क्षेत्र में मछली पालन कर रहे हैं। उन्होंने अपने कारोबार को केवल मछली पालन तक सीमित नहीं रखा, बल्कि मछली पालन के साथ मुर्गी पालन, बकरी पालन और मखाने की खेती को जोड़कर एकीकृत खेती मॉडल अपनाया है। इस तरह उन्होंने कृषि से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों को एक-दूसरे के साथ जोड़कर आय के कई स्रोत विकसित किए हैं। डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि अपनी पैदावार को बाजार तक पहुंचाने



के लिए श्री नंदे साहनी द्वारा मछली की चार दुकानें चलाई जा रही हैं, जहां स्थानीय ग्राहकों को ताजी मछली उपलब्ध करवाई जाती है। इसके अलावा बाकी मछली की पैदावार को लुधियाना, चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश की मंडियों में पहुंचाकर बेचा जाता है। इस व्यवस्था के माध्यम से उन्होंने अपने उत्पाद के लिए स्थानीय स्तर से बाहर भी बाजार तैयार किया है। उन्होंने आगे बताया कि मछली पालन के कारोबार को और मजबूत करने में सरकारी सहायता ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मछली पालन विभाग की ओर से श्री नंदे साहनी को मोटरसाइकिल सहित आइस बॉक्स खरीदने के लिए 30 हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्राप्त हुई। इससे मछली की ढुलाई और विपणन संबंधी सुविधाओं में वृद्धि हुई। श्री आदित्य डेचवाल ने बताया कि एकीकृत खेती और मछली की मार्केटिंग के माध्यम से श्री साहनी लगभग 10 से 12 लाख रुपये का सालाना मुनाफा कमा रहे हैं। उनकी कारोबारी तरक्की का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि वे अब स्वयं रोजगार प्राप्त करने वाले व्यक्ति से आगे बढ़कर 12 लोगों को सीधे रोजगार प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि श्री नंदे साहनी की मेहनत और उद्यमी सोच के चलते उन्होंने दो मंजिला कोठी, लग्जरी कार, बोलेरो पिकअप और महिंद्रा मिनी ट्रक सहित कई साधन हासिल किए हैं। यह बदलाव उनकी लंबे समय की मेहनत और मछली पालन को एक व्यावसायिक उद्यम के रूप में विकसित करने का परिणाम है। डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि श्री नंदे साहनी की यह यात्रा दर्शाती है कि मछली पालन को केवल पारंपरिक व्यवसाय के रूप में नहीं, बल्कि स्वरोजगार, आय और रोजगार सृजन के एक प्रभावी साधन के रूप में भी अपनाया जा सकता है। उन्होंने अपने अनुभव, मेहनत और उपलब्ध अवसरों का उपयोग करते हुए ऐसा कारोबारी मॉडल विकसित किया है, जिससे उन्हें स्वयं आय प्राप्त हो रही है।

चरणजीत सिंह कालेवाल व गांव सहौड़ा के निवासियों ने दिल्ली के कैबिनेट मंत्री सूद का किया सम्मान

डेली आवाज भारती

कुराली, (संदीप अकालगढ़िया): दिल्ली के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद के गांव सहौड़ा पहुंचने पर भाजपा नेता चरणजीत सिंह कालेवाल और गांववासियों की ओर से उनका विशेष सम्मान किया गया। इस दौरान गांव के गणमान्य लोगों ने कैबिनेट मंत्री आशीष सूद का स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा नेता चरणजीत सिंह कालेवाल तथा गांव के गणमान्य लोगों ने कहा कि भाजपा द्वारा पंजाब में नशे को खत्म करने के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब को नशामुक्त बनाने के लिए समाज के सभी वर्गों को मिलकर प्रयास करने की जरूरत है। नशे के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के साथ-साथ युवाओं को सकारात्मक



गतिविधियों से जोड़ना भी समय की आवश्यकता है। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री आशीष सूद के साथ भाजपा नेता परमिंदर सिंह बराड़, डॉ. सुभाष शर्मा, सरपंच रघुवीर सिंह, पंच सुरिंदर सिंह शेरगिल, कुलदीप सिंह शेरगिल, बाई जी, जोगिंदर सिंह मावी, भूपिंदर सिंह और जरनैल सिंह सहित सैकड़ों गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस अवसर पर गांववासियों की ओर से कैबिनेट मंत्री आशीष सूद के साथ विभिन्न सामाजिक एवं स्थानीय मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

page 4_Layout 1 24-09-2026 17:34 Page 1

विधायक नरिंदर कौर भराज ने संगरूर शहर की तीन अहम सड़कों के निर्माण कार्यों के रखे नींव पत्थर

करीब 2.47 करोड़ रुपये की लागत से बस स्टैंड चौक, सुनामी गेट और पूनिया कॉलोनी की सड़कों का होगा विकास

डेली आवाज भारती



संगरूर। संगरूर शहर के सड़क बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने और शहरवासियों को बेहतर यातायात सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से विधायक संगरूर नरिंदर कौर भराज द्वारा आज शहर की तीन अहम सड़कों के विकास एवं निर्माण कार्यों के नींव पत्थर रखे गए। इन तीनों विकास कार्यों पर करीब 2.47 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

इस अवसर पर विधायक नरिंदर कौर भराज ने बताया कि बस स्टैंड चौक संगरूर में सड़क के विकास कार्यों पर 79.50 लाख रुपये, सुनामी गेट संगरूर में 46 लाख रुपये और पूनिया कॉलोनी संगरूर में सड़क के विकास कार्यों पर 121 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन कार्यों के पूरा होने से क्षेत्रवासियों के साथ-साथ रोजाना इन रास्तों का इस्तेमाल करने वाले लोगों को भी बड़ी सुविधा मिलेगी। विधायक भराज ने कहा कि संगरूर शहर का योजनाबद्ध और सर्वांगीण विकास उनकी मुख्य प्राथमिकता है और लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बुनियादी सुविधाओं को लगातार मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहर में सड़कों, गलियों और अन्य बुनियादी ढांचे से संबंधित विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है, ताकि लोगों को रोजाना आवागमन के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड चौक और सुनामी गेट जैसे अहम और व्यस्त इलाकों में सड़क ढांचे में सुधार से यातायात और सुचारू होगा, जबकि पूनिया कॉलोनी में होने वाले विकास कार्य से स्थानीय निवासियों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी। नरिंदर कौर भराज ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुसार उच्च गुणवत्ता के साथ और तय समय के भीतर पूरे किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि लोगों के पैसे से करवाए जा रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगरूर विधानसभा क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण इलाकों में लोगों की मांग और जरूरत के अनुसार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं और आने वाले समय में भी बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने के लिए विकास की यह रफ्तार जारी रहेगी। इस अवसर पर भूपिंदर सिंह प्रधान, सुखा मान, एम.सी. जगजीत काला, पंकज गर्ग, अमन सेखों, एम.सी. हरबंस और नोनी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति और क्षेत्रवासी भी उपस्थित रहे।

स्वच्छता के संदेश के साथ धूरी में निकली जागरूकता रैली

- नगर कौंसिल धूरी की ओर से स्वच्छता अभियान के तहत विशेष पहल
- प्रधान अमरजोत कौर बाजवा ने स्वच्छता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना
- सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर कौंसिल द्वारा लगातार किए जा रहे प्रयासः अमरजोत कौर बाजवा

डेली आवाज भारती



धूरी। नगर कौंसिल धूरी की ओर से शहर को साफ-सुथरा और सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से स्वच्छता अभियान के तहत विशेष जागरूकता मुहिम चलाई गई। इसके तहत नगर कौंसिल की प्रधान अमरजोत कौर बाजवा ने स्वच्छता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर एस.डी. स्कूल के विद्यार्थियों और स्टाफ द्वारा भी स्वच्छता मुहिम में सक्रिय सहयोग दिया गया। इस अवसर पर प्रधान अमरजोत कौर बाजवा ने कहा कि शहर को साफ-सुथरा रखना प्रत्येक शहरवासी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने और शहर में सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए नगर कौंसिल द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि घरों और दुकानों से निकलने वाले सूखे और गीले कचरे को अलग-अलग रखा जाए तथा इसे निर्धारित डस्टबिनों या कचरा एकत्र करने वाले साधनों में ही डाला जाए। उन्होंने कहा कि कचरे को अलग-अलग रखने से कचरा एकत्र करने वाले पिकर्स और सफाई कर्मचारियों को वेस्ट मटेरियल एकत्र करने तथा इसके उचित निपटारे में भी आसानी होगी। उन्होंने कहा कि शहरवासियों के सहयोग से धूरी शहर पहले की तुलना में काफी साफ-सुथरा हो रहा है और इस सफाई व्यवस्था को आगे भी बरकरार रखने के लिए नगर कौंसिल द्वारा हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर एस.डी. स्कूल के विद्यार्थियों ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए रैली में भाग लिया और लोगों को अपने आसपास सफाई रखने, कचरा इधर-उधर न फेंकने तथा गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कार्यसाधक अधिकारी गुरविंदर सिंह, काउंसलर राजीव चौधरी, सुशील रानी, बिल्ला सिंह, शशि देवी, एस.आई. राजेश कुमार, नवदीप कुमार सहित एस.बी.एम. टीम मौजूद थी।

गांव माछीवाड़ा में सैलून चलाने वाले दो भाईयों को कुछ लोगों ने मारपीट कर जख्मी किया

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना सदर फिरोजपुर की पुलिस ने बीते दिन गांव माछीवाड़ा में सैलून चलाने वाले दो भाईयों को मारपीट करके जख्मी करने वाले 3 लोगों सहित 4 अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट करने की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना सदर फिरोजपुर के एएसआई सुखबीर सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता लवप्रीत सिंह पुत्र चूहड़ सिंह वासी माछीवाड़ा ने बताया कि वह और उसका भाई जब गांव में बीते दिन रात के समय अपना सैलून बंद करके जाने लगे तो दोषी जसवीर सिंह पुत्र तरसेम सिंह वासी पीर ईस्माईल खां व बिक्रम सिंह पुत्र अशोक सिंह वासी माछीवाड़ा किसी से झगड़ा कर रहे थे तो पीड़ित व उसके भाई ने उनसे झगड़े संबंधी पूछा तो दोषियों ने अशोक सिंह पुत्र जगा सिंह व 4 अज्ञात लोगों के साथ मिलकर उनके साथ मारपीट की और उन्हें जख्मी कर दिया। जिसके बाद दोषी वहां से फरार हो गए। मामलें की जांच कर रहे सुखबीर सिंहने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में दोषियों पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

डिप्टी कमिश्नर ने 'हमारे राम' नाटक की तैयारियों का लिया जायजा

एस.एल.आई.ई.टी. लोंगोवाल में 27 सितंबर को 'हमारे राम' नाटक का होगा मंचन



डेली आवाज भारती

संगरूर। डिप्टी कमिश्नर पूनमदीप कौर ने संत लोंगोवाल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एस.एल.आई.ई.टी.), लोंगोवाल में 27 सितंबर को होने वाले 'हमारे राम' नाटक के मंचन को लेकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम के सभी प्रबंध समय पर पूरे करने और आपसी तालमेल के साथ काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने दर्शकों की सुविधा के लिए बैठने, पार्किंग, यातायात, सुरक्षा, बिजली, पीने के पानी और साफ-सफाई सहित आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान आने वाले दर्शकों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और सभी व्यवस्थाएं सुचारू ढंग से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम कला और संस्कृति के साथ लोगों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने जिले के लोगों से अपील की कि वे 27 सितंबर को एस.एल.आई.ई.टी., लोंगोवाल में होने वाले 'हमारे राम' नाटक के दोनों शो में शामिल हों। बैठक में ए.डी.सी. सुखचैन सिंह, एस.डी.एम. संगरूर सतीश चंद्र, सहायक कमिश्नर राजवीर सिंह भंगू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

माता कमलजीत कौर जी की स्मृति में श्री सहज पाठ का भोग एवं अंतिम अरदास 27 सितंबर को

डेली आवाज भारती

कुराली, (संदीप अकालगढ़िया): माता कमलजीत कौर जी के निधन के उपरांत उनकी आत्मिक शांति के लिए श्री सहज पाठ के भोग एवं अंतिम अरदास का आयोजन 27 सितंबर, रविवार को किया जाएगा। श्री सहज पाठ के भोग एवं अंतिम अरदास का कार्यक्रम गुरुद्वारा श्री गुरु हरिगोबिंद साहिब जी, मोरिंडा रोड, कुराली में दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक होगा। इस दौरान श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की हजूरी में कीर्तन एवं अरदास की जाएगी। माता कमलजीत कौर जी के निधन से परिवार, सगे-संबंधियों और रिश्तेदारों में शोक की लहर है। उनके स्नेहपूर्ण स्वभाव और परिवार के प्रति उनके प्रेम को याद करते हुए उन्हें श्रद्धा एवं सम्मान के साथ स्मरण किया जा रहा है। श्री सहज पाठ के भोग एवं अंतिम अरदास के अवसर पर सगे-संबंधियों और रिश्तेदारों द्वारा माता जी को श्रद्धा के फूल अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी जाएगी। उनकी मधुर स्मृतियां सदैव परिवार और स्नेहियों के दिलों में बनी रहेंगी।



जयंती माजरी के पुल के निर्माण संबंधी अहम बैठक, जल्द शुरू होगा काम

- समाजसेवी दविंदर सिंह बैनीपाल ने निर्माण कार्य का लिया जायजा, एक-दो दिनों में काम शुरू होने की उम्मीद

डेली आवाज भारती



मुल्लापुर गरीबदास (संदीप अकालगढ़िया): जयंती माजरी में पुल के निर्माण संबंधी एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान पुल के निर्माण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया तथा निर्माण कार्य को जल्द शुरू करवाने संबंधी आवश्यक प्रक्रिया पर चर्चा की गई। इस अवसर पर समाजसेवी दविंदर सिंह बैनीपाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि जयंती माजरी में पुल की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है। पुल की सुविधा नहीं होने के कारण क्षेत्र के लोगों को रोजाना आवागमन में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पुल का निर्माण होने से लोगों का आवागमन सुगम होने के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से संपर्क भी बेहतर होगा। इस अवसर पर समाजसेवी दविंदर सिंह बैनीपाल ने पुल के निर्माण संबंधी चल रही कार्रवाई का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि पुल के निर्माण को जल्द शुरू करवाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक-दो दिनों में पुल के निर्माण का काम शुरू होने की उम्मीद है। पुल बनने से जयंती माजरी और आसपास के क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी तथा लंबे समय से चली आ रही आवागमन की समस्या का समाधान होगा। बैठक के दौरान पुल के निर्माण के लिए आवश्यक तैयारियों, निर्माण कार्य शुरू करने की प्रक्रिया तथा अन्य जरूरी प्रबंधों को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। मौजूद लोगों ने कहा कि पुल का निर्माण जयंती माजरी और आसपास के क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा साबित होगा। पुल बनने से विद्यार्थियों, किसानों, मजदूरों तथा रोजाना कामकाज के लिए आने-जाने वाले लोगों को विशेष लाभ मिलने की उम्मीद है। बैठक में उम्मीद जताई गई कि निर्माण कार्य जल्द शुरू होकर निर्धारित समय में पूरा किया जाएगा।

अज्ञात व्यक्ति दुकान के बाहर से मोटरसाईकिल चोरी कर फरार

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना मल्लांवाला की पुलिस ने बीते दिन एक दुकान के बाहर से मोटरसाईकिल चोरी करके ले जाने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता व्यक्ति के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना मल्लांवाला के एएसआई गुरदीप सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता सुखदेव सिंह पुत्र दर्शन सिंह वासी गांव लोहके ने बताया कि वह बीते दिन दोपहर के समय मल्लांवाला में अनूप सिंह की स्वीट की दुकान पर कुछ सामान लेने के लिए गया था और जब वह कुछ समय बाद वहां वापिस आया तो उसका मोटरसाईकिल नंबर पीबी-47ई-5090 कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी करके फरार हो गया था। मामले की जांच कर रहे गुरदीप सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करके उनकी तलाश शुरु कर दी है।

38.50 ग्राम हैरोइन के साथ पुलिस ने 5 को गिरफ्तार किया

- गिरफ्तार व्यक्तियों पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामले दर्ज

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जिला फिरोजपुर की पुलिस ने एसएसपी भूपिन्द्र सिंह के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए 5 लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 38.50 ग्राम हेरोइन बरामद की है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों पर थाना आरफके, थाना कुलगड़ी, थाना घल्लुखुर्द और थाना मल्लांवाला में एनडीपीएस एक्ट तहत मामलें दर्ज किए है। जानकारी अनुसार थाना आरफके के एएसआई कर्मदीप सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर दिलदार सिंह पुत्र मघर सिंह वासी गांव नूररपुर सेठां को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3.50 ग्राम हेरोइन, थाना कुलगड़ी के एएसआई जसविन्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मोगा रोड के नजदीक से शक के अधार पर जसबीर सिंह उर्फ शीरा पुत्र महिन्द्र सिंह वासी गांव फत्तू वाला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 20 ग्राम हेरोइन, थाना घल्लखुर्द के एएसआई दर्शन सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर गुरस्तम सिंह उर्फ रुसी पुत्र संजीत मसीह वासी गांव सोढी नगर व सूरज सिंह पुत्र बिक्कर सिंह वासी वार्ड नंबर 8 मुदकी को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 10 ग्राम हेरोइन और थाना मल्लांवाला के एस.आई बलविन्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान आसफ वाला गांव के नजदीक से शक के अधार पर रोहित पुत्र मलकीत वासी मल्लूवालीऐ वाला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 5 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामलों की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलों में दोषियों के खिलाफ मामलें दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

7 लोगों ने व्यक्ति के प्लांट में लगे हुए वृक्षों को काटकर चोरी किया

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर)- थाना मल्लांवाला की पुलिस ने बीते दिन एक व्यक्ति के प्लांट में लगे वृक्ष चोरी करने वाले 7 लोगों के खिलाफ चोरी की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना मल्लांवाला के एएसआई जगजीत सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता भगवान सिंह पुत्र ईकबाल सिंह पुत्र जीवन सिंह वासी वार्ड नंबर-7 मल्लांवाला ने बताया कि वह ज्वैलरी बेचने का काम करता है और बीते दिन जब वह 8 बजे अपने प्लांट पर गया तो वहां का ताला टूटा हुआ था और अंदर लगे 2 सफैदे, 1 धरेक के वृक्ष चोरी हो चुके थे, जब उसने जांच की तो उसे पता लगा कि उक्त वृक्ष पलविन्द्र मसीह पुत्र मेहताब मसीह वासी कट्टियां वाला मुहल्ला ने 6 अज्ञात लोगों के साथ मिलकर उसके प्लांट से वृक्षों की चोरी की है। मामले की जांच कर रहे जगजीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने सभी दोषियों के खिलाफ मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

पुलिस ने छापेमारी कर 2 मोटरसाईकिल व 15 मोबाईल फोन सहित तीन को गिरफ्तार किया

- गिरफ्तार लोगों के खिलाफ पुलिस ने चोरी की विभिन्न धाराओ तहत दर्ज किया मामला

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना सिटी फिरोजपुर की पुलिस ने समाज विरोधी अनसरों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर छापेमारी करके चोरी के मोटरसाईकिलों व मोबाईल फोन सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों के खिलाफ चोरी की विभिन्न धाराओं तहत मामलें दर्ज किए है। जानकारी देते हुए थाना सिटी फिरोजपुर के एएसआई जगरुप सिंह ने बताया कि उन्हें बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान सूचना मिली थी कि दोषी वाहन और मोबाईल फोन चोरी करने के आदि है जोकि चोरी किए वाहन और मोबाईल फोन बेचने के लिए कोल्ड स्टोर के बैक साईड नजदीक झाड़ि ों बार्डर रोड पर खड़े ग्राहकों का इंतजार कर रहे है। जिस पर पुलिस ने छापेमारी करके भोला उर्फ अमन पुत्र गोबा वासी गली मंदिर वाली गोलबाग वार्ड नंबर 1 फिरोजपुर शहर, जज पुत्र हरदीप वासी गोलबाग मंदिर वाली गली फिरोजपुर व अजय कुमार पुत्र मजाम साहनी वासी बागी रोड नजदीक आश्रम फिरोजपुर को गिरफअतार करके उनके कब्जे से 2 मोटरसाईकिल और 15 मोबाईल फोन बरामद किए है। मामले की जांच कर रहे जगरुप सिंह ने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

सरकारी पॉलीटेक्निक कॉलेज खूनी माजरा में मतदाता पंजीकरण कैंप के दौरान 62 नए मतदाता पंजीकृत

- 18 वर्ष या इससे अधिक आयु के प्रत्येक योग्य युवा से मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने की अपील

डेली आवाज भारती



खरड़, (संदीप अकालगढ़िया): भारतीय चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार जिला चुनाव अधिकारी-कम-डिप्टी कमिश्नर श्रीमती कोमल मित्तल के नेतृत्व में जिला स्वीप टीम द्वारा योग्य युवाओं का मतदाता के रूप में पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए जिले में लगातार विशेष मतदाता पंजीकरण कैंप लगाए जा रहे हैं। इसी कड़ी के तहत सरकारी पॉलीटेक्निक कॉलेज, खूनी माजरा में प्रिंसिपल श्रीमती रक्षा किरण के नेतृत्व में विशेष मतदाता पंजीकरण कैंप लगाया गया। कैंप के दौरान 62 नए योग्य मतदाताओं का पंजीकरण किया गया और उनके फॉर्म नंबर-6 भरवाए गए। इस अवसर पर जिला नोडल अधिकारी स्वीप प्रो. गुरबख्शिश सिंह अंटाल ने युवाओं को मतदाता पंजीकरण के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके प्रत्येक योग्य नागरिक को अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के माध्यम से देश के लोकतंत्र को और मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

कैंप के सफल आयोजन में कॉलेज की एस.आई.आर.-कम-मतदाता पंजीकरण नोडल अधिकारी दिनशा कटारिया द्वारा विशेष सहयोग दिया गया। इस अवसर पर प्रो. गुरबख्शिश सिंह अंटाल ने जिले के सभी सरकारी एवं निजी कॉलेजों तथा अन्य शिक्षण संस्थानों से अपील की कि वे अपने संस्थानों में भी विशेष मतदाता पंजीकरण कैंप लगाएं और 18 वर्ष या इससे अधिक आयु के सभी योग्य विद्यार्थियों का मतदाता के रूप में पंजीकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी योग्य युवा अपने मताधिकार से वंचित न रहे।

पी.ए.यू.-फार्म सलाहकार सेवा केंद्र, संगरूर द्वारा गांव तुड़ी में इन-सीटू फसल अवशेष प्रबंधन और संतुलित पोषण प्रबंधन संबंधी जागरूकता कैंप

- किसानों से पराली जलाने से पूरी तरह परहेज कर टिकाऊ पराली प्रबंधन अपनाने की अपील

डेली आवाज भारती



भवानीगढ़। पंजाब कृषि विश्वविद्यालय (पी.ए.यू.), लुधियाना के निदेशक प्रसार शिक्षा के मार्गदर्शन में पी.ए.यू.-फार्म सलाहकार सेवा केंद्र (एफ.ए.एस.सी.), संगरूर द्वारा गांव तुड़ी (भवानीगढ़ के नजदीक) में इन-सीटू फसल अवशेष प्रबंधन (In-situ CRM) संबंधी गांव स्तर का किसान जागरूकता कैंप लगाया गया। किसानों को संबोधित करते हुए डॉ. अशोक कुमार गर्ग, वरिष्ठ प्रसार वैज्ञानिक (मृदा विज्ञान) ने धान की पराली को बिल्कुल न जलाने और पर्यावरण अनुकूल एवं टिकाऊ तरीकों से इसका प्रबंधन करने की अपील की। उन्होंने बताया कि इन-सीटू पराली प्रबंधन से मिट्टी में पोषक तत्व और जैविक पदार्थ सुरक्षित रहते हैं, मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार होता है, वायु प्रदूषण कम होता है और लंबे समय तक मिट्टी की उत्पादकता बनी रहती है। डॉ. गर्ग ने पराली जलाने से होने वाले पोषक तत्वों के नुकसान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि एक टन धान की पराली जलाने से लगभग 400 किलोग्राम जैविक कार्बन, 5.5 किलोग्राम नाइट्रोजन, 2.3 किलोग्राम फास्फोरस, 25 किलोग्राम पोटाशियम और 1.2 किलोग्राम सल्फर का नुकसान होता है। इसलिए किसानों को पराली जलाने की बजाय उचित मशीनरी और कृषि तकनीकों के माध्यम से खेत में ही इसका प्रबंधन करना चाहिए। इससे पोषक तत्वों के संरक्षण के साथ-साथ मिट्टी के जैविक स्वास्थ्य में भी सुधार होता है। उन्होंने हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, पी.ए.यू. स्मार्ट सीडर और सरफेस सीडिंग-कम-मल्चिंग जैसी पराली प्रबंधन तकनीकों के बारे में जानकारी दी, जिनके माध्यम से पराली जलाए बिना गेहूं की समय पर बुवाई की जा सकती है। उन्होंने पछेती बोई गई बासमती किस्मों में गोभी अवस्था के दौरान पोटाशियम नाइट्रेट (13-0-45) के 1.5 प्रतिशत घोल का पत्तियों पर छिड़काव करके दानों में फोक की समस्या के प्रबंधन के बारे में भी जानकारी दी। किसानों को धान और बासमती में कीटों एवं रोगों की नियमित निगरानी करने और उनके प्रबंधन के लिए पी.ए.यू. की सिफारिशों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

CMYK

page 5_Layout 1 24-09-2026 19:04 Page 1

प्राइवेट प्ले-वे स्कूलों के लिए सामाजिक सुरक्षा और महिला एवं बाल विकास विभाग, पंजाब से रजिस्ट्रेशन लेना अनिवार्य

प्ले-वे स्कूलों के संबंध में विभिन्न दिशा-निर्देश जारी

डेली आवाज भारती

संगरूर। अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन स्कीम के तहत प्राइवेट प्ले-वे स्कूलों का नया रजिस्ट्रेशन करवाने संबंधी पंजाब सरकार द्वारा प्ले-वे स्कूलों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। इसके तहत पंजाब में चल रहे सभी प्राइवेट प्ले-वे स्कूलों के लिए अब सामाजिक सुरक्षा और महिला एवं बाल विकास विभाग, पंजाब से रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। इसके बाद सरकार के पास बच्चों का पूरा विवरण उपलब्ध होगा। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी, संगरूर, प्रदीप सिंह गिल ने बताया कि जिले के सभी निजी प्ले-वे स्कूलों में बचपन के शुरुआती विकास के लिए बच्चों को खेलों के माध्यम से पढ़ाया जाएगा, जिससे बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में सुधार होगा। उन्होंने बताया कि नए दिशा-निर्देशों के तहत इन प्ले-वे स्कूलों का नया रजिस्ट्रेशन करवाना और पुराने रजिस्ट्रेशन को रिन्यू करवाना



अनिवार्य कर दिया गया है, जिसके संबंध में विस्तृत नियम और दिशा-निर्देश लागू होंगे। उन्होंने आगे बताया कि नए दिशा-निर्देशों के तहत प्ले-वे स्कूलों में दाखिले के लिए बच्चों का कोई स्क्रीनिंग टेस्ट या माता-पिता का इंटरव्यू नहीं होगा। प्ले-वे स्कूलों में एक शिक्षक केवल 20 बच्चों को पढ़ाएगा। स्कूल की बाउंड्री पूरी तरह सुरक्षित होनी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि बच्चों को किसी भी तरह डराने या धमकाने पर पाबंदी होगी। बच्चों पर पढ़ाई का कोई अतिरिक्त बोझ नहीं डाला जाएगा। प्ले-वे स्कूलों में लाइब्रेरी की व्यवस्था और बच्चों का स्वास्थ्य रिकॉर्ड रखना भी अनिवार्य किया गया है। बच्चों की सुरक्षा के लिए फायर सेफ्टी और स्वास्थ्य सुविधाओं की समय-समय पर जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्ले-वे स्कूल की इमारत हवादार होनी चाहिए, स्कूल की चारदीवारी होनी चाहिए और साफ-सुथरे पीने योग्य पानी की व्यवस्था होनी चाहिए। इसके साथ ही एक केयरटेकर भी होना चाहिए। स्कूल की आंतरिक संरचना, रेस्ट रूम की व्यवस्था, लड़कों और लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालय तथा सभी स्कूलों में सीसीटीवी कैमरे लगाना भी अनिवार्य किया गया है। प्ले-वे स्कूल का कोई भी पदाधिकारी या स्टाफ सदस्य बच्चों से संबंधित कानूनों जैसे पोक्सो एक्ट 2012, जे.जे. एक्ट 2015 और चाइल्ड लेबर एक्ट 1986 के तहत दोषी करार दिया हुआ नहीं होना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि अब प्ले-वे स्कूलों की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया ऑनलाइन शुरू कर दी गई है और स्कूल मालिक/ट्रस्ट ई-सेवा पोर्टल के माध्यम से सुविधा केंद्रों से अपना नया रजिस्ट्रेशन और रिन्यू करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिला संगरूर में चल रहे और इच्छुक प्ले-वे स्कूलों के मालिकों/ट्रस्टों को निर्देश दिया गया है कि वे जल्द से जल्द नए दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए अपना रजिस्ट्रेशन करवाएं। उन्होंने कहा कि दिशा-निर्देशों का पालन न करने और रजिस्ट्रेशन न करवाने की स्थिति में संबंधित स्कूलों के खिलाफ बनती कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

ऑनलाइन चाइल्ड सेफ्टी को लेकर भारत में बड़ा बदलाव, अब सीधे भारतीय एजेंसियों तक पहुंचेगी जानकारी

डेली आवाज भारती

सोशल मीडिया और इंटरनेट इस्तेमाल करने वालों के लिए बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा से जुड़ी एक अहम खबर सामने आई है। बच्चों के यौन शोषण से जुड़े कंटेंट की जानकारी भारतीय जांच एजेंसियों तक पहुंचाने की व्यवस्था में बदलाव की दिशा में कदम उठाया गया है। इसका मकसद ऐसे मामलों की जानकारी भारत में जल्द पहुंचाना और जांच को तेज करना है। अब तक स्ह्लह्लड्ड जैसी बड़ी टेक कंपनियां बच्चों के यौन शोषण से जुड़े कंटेंट की रिपोर्ट अमेरिका की संस्था National Center for Missing & E&ploited Children यानी NCMEC को करती थीं। NCMEC अपने CyberTipline सिस्टम के जरिए ऐसी रिपोर्ट हासिल करता है और जरूरत पड़ने पर संबंधित देशों की कानून प्रवर्तन एजेंसियों तक जानकारी पहुंचाता है। भारत और NCMEC के बीच ऐसी रिपोर्टिंग के लिए 2019 से व्यवस्था भी मौजूद है। भारत चाहता है कि भारत से जुड़े ऐसे मामलों की जानकारी भारतीय जांच एजेंसियों तक सीधे और तेजी से पहुंचे। इसी दिशा में Meta ने भारत में बच्चों की सुरक्षा से जुड़े मामलों की रिपोर्ट सीधे Indian Cyber Crime Coordination Centre यानी IyC के तहत संचालित साइबर क्राइम पोर्टल को करने की प्रतिबद्धता जताई है।



नई व्यवस्था को तेजी से लागू करना चुनौती

बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा के लिए इस नई व्यवस्था को जमीन पर कितनी तेजी और प्रभावी तरीके से लागू किया जाता है। भारत के सामने चुनौती ऐसी व्यवस्था बनाने की है, जिसमें बच्चों से जुड़े गंभीर साइबर अपराधों पर जल्द कार्रवाई हो, लेकिन इसके साथ आम लोगों की वैध ऑनलाइन गतिविधियों और अभिव्यक्ति के अधिकारों की भी सुरक्षा बनी रहे।

इसके कुछ दिनों बाद Google ने भी भारत सरकार के साथ बातचीत में ह्यूरूयानी बच्चों के यौन शोषण से जुड़े कंटेंट की प्रासंगिक जानकारी IyC तक सीधे पहुंचाने की प्रक्रिया लागू करने का प्रस्ताव रखा है। यहां दोनों कंपनियों के बीच अंतर समझना जरूरी है। Meta की ओर से सीधे रिपोर्टिंग की प्रतिबद्धता सामने आई है, जबकि Google के मामले में अभी प्रस्ताव और सरकार के साथ बातचीत की जानकारी सामने आई है। साइबर अपराध के मामलों में समय काफी महत्वपूर्ण होता है। अगर किसी मामले की जानकारी भारतीय एजेंसियों तक सीधे पहुंचती है तो जांच शुरू करने के लिए जरूरी जानकारी जल्द मिल सकती है। इससे संभावित पीड़ित बच्चों की सुरक्षा और अपराध की जांच में मदद मिल सकती है। भारत का National Cyber Crime Reporting Portal भी महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले साइबर अपराधों की शिकायत दर्ज करने की सुविधा देता है। IyC देश में साइबर अपराध से जुड़ी व्यवस्था के बीच तालमेल बनाने का काम करता है। बच्चों को इंटरनेट पर सुरक्षित रखना जरूरी है, लेकिन इसके साथ यह सवाल भी उठता है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सरकारी निगरानी और कंटेंट हटाने की शक्तियों का इस्तेमाल किस तरह किया जाएगा। सरकार का कहना है कि IT Rules का उद्देश्य इंटरनेट को सुरक्षित और जवाबदेह बनाना है। इन नियमों में बच्चों को नुकसान पहुंचाने वाली सामग्री सहित कई तरह के गैरकानूनी कंटेंट के खिलाफ सोशल मीडिया और दूसरे डिजिटल प्लेटफॉर्म की जिम्मेदारियां तय की गई हैं।

मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत बल्ल सराय और बाबा बकाला साहिब में स्वास्थ्य कार्ड वितरित

डेली आवाज भारती

बाबा बकाला साहिब, के.एस. बेदी मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत आज विधानसभा क्षेत्र बाबा बकाला साहिब के गांव बल्ल सराय और कस्बा बाबा बकाला साहिब में लाभार्थियों को स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए। इस अवसर पर विधायक दलवीर सिंह टोंग ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। विधायक टोंग ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत प्रत्येक परिवार को 10 लाख रुपये तक के कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध करवाने का प्रावधान किया गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य यह



सुनिश्चित करना है कि बीमारी के समय इलाज का खर्च किसी भी परिवार पर आर्थिक बोझ न बने और प्रत्येक जरूरतमंद को समय पर उपचार मिल सके।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य कार्ड लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पंजाब सरकार का प्रयास है कि राज्य का प्रत्येक परिवार स्वास्थ्य के लिहाज से सुरक्षित हो और किसी भी नागरिक को आर्थिक तंगी के कारण इलाज से वंचित न रहना पड़े। इस अवसर पर विधायक ने लोगों से मुलाकात करते हुए उन्हें योजना के लाभों के बारे में जानकारी दी और स्वस्थ पंजाब की कामना की। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार लोगों के कल्याण और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मान सरकार ने राज्य की 518 गौशालाओं के 100 करोड़ रुपये से अधिक के बिजली बिल माफ किए : कीमती भगत

पंजाब गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष ने जिला अमृतसर में गौधन की देखभाल का लिया जायजा

डेली आवाज भारती

अमृतसर, के.एस. बेदी । पंजाब गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष श्री कीमती भगत ने कहा कि पंजाब सरकार गौधन की देखभाल, सुरक्षा और गौशालाओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा राज्य की 518 गौशालाओं के 100 करोड़ रुपये से अधिक के बिजली बिल माफ किए गए हैं, जिनमें जिला अमृतसर की 14 गौशालाएं भी शामिल हैं। वे आज जिला प्रशासनिक परिसर, अमृतसर में जिला अधिकारियों और गौशालाओं के प्रबंधकों के साथ बैठक करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री श्री भगवंत



सिंह मान का धन्यवाद भी किया। श्री कीमती भगत ने बताया कि घायल गौधन के उपचार एवं देखभाल के लिए पंजाब सरकार द्वारा आयोग की सिफारिश पर 3.6 करोड़ रुपये की लागत से राज्य की गौशालाओं को काऊ लिफ्टर उपलब्ध करवाए गए हैं। इनमें जिला अमृतसर की 14 गौशालाएं भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा गौशालाओं में रखे प्रत्येक गौधन की देखभाल के लिए प्रतिदिन 61 रुपये देने संबंधी अधिसूचना भी जारी की गई है। जल्द ही इस संबंध में बैठक करके गौशालाओं को यह राशि उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उपाध्यक्ष ने कहा कि राज्य में लावारिस एवं बेसहारा गौधन की देखभाल, सुरक्षा और बेहतरी के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि कोई भी बेसहारा गौधन सड़कों पर लावारिस न घूमे। उन्होंने कहा कि लावारिस गौधन के कारण जहां किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचता है, वहीं सड़क दुर्घटनाओं और यातायात संबंधी समस्याओं का खतरा भी बना रहता है। उन्होंने कहा कि इस समस्या के स्थायी समाधान और गौशालाओं की क्षमता बढ़ाने के लिए वह लगातार विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं तथा उपायुक्तों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ बैठकें कर रहे हैं। इससे पहले उन्होंने पशुपालन एवं अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक करते हुए सरकारी गौशालाओं के प्रबंधों, गौ-सेस, गौमांस एवं गौ-तस्करी की रोकथाम सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर परिषदों और विभिन्न विभागों के पास एकत्रित गौ-सेस की राशि को गौधन की देखभाल, सुरक्षा और बेहतरी के लिए इस्तेमाल करना सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त गौशालाओं के प्रबंधकों के साथ प्रत्येक तीन महीने बाद बैठक करने तथा सड़कों पर घूम रहे लावारिस एवं बेसहारा गौधन को जल्द से जल्द गौशालाओं में पहुंचाने के प्रबंध करने के निर्देश भी दिए।

पंजाब सरकार द्वारा तीर्थ स्थल के विकास एवं सौंदर्यीकरण पर 17.72 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं : हरभजन सिंह ई.टी.ओ.

डेली आवाज भारती

अमृतसर, के.एस. बेदी : मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा भगवान वाल्मीकि तीर्थ स्थल के पावन सरोवर की सफाई के लिए चलाया गया प्रोजेक्ट पूरा हो गया है। आज संत-महापुरुषों की उपस्थिति में लोक निर्माण मंत्री स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ., सोनिया मान, श्री अजय दत्त, विधायक अंबेडकर नगर, नई दिल्ली तथा अन्य प्रमुख हस्तियों द्वारा पावन सरोवर में जल भरने की प्रक्रिया शुरू करवाई गई। इससे पहले भगवान वाल्मीकि जी तीर्थ स्थल श्राइन बोर्ड के एडवाइजरी बोर्ड के चेयरमैन श्री बाल जोगी जी के नेतृत्व में पावन सरोवर के किनारे पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर स्वामी ज्ञानदेव जी महाराज, श्री बाल जोगी प्रगट नाथ, जगत गुरु श्री कृष्ण शाह विद्यार्थी जी महाराज, श्री निर्मल दास जी महाराज, श्री सरजीत जी महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी संगम नाथ जी महाराज कुरुक्षेत्र, बाबा



मलकीत नाथ जी, बाबा गिरधार नाथ जी सहित अन्य संत-महापुरुष उपस्थित थे। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा भगवान वाल्मीकि जी तीर्थ स्थल के विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए लगभग 17.72 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इसमें से 3.74 करोड़ रुपये पावन सरोवर की सफाई, गाद निकालने, साफ रेत डालने तथा अन्य संबंधित कार्यों पर खर्च किए गए हैं। उन्होंने बताया कि लगभग 2.80 करोड़ रुपये की लागत से मुख्य मंदिर की पेंटिंग एवं पॉलिशिंग, मंदिर की ओर जाने वाले रास्ते के पिलरों की मरम्मत तथा सैंड स्टोन की सिलिकॉन कटिंग के कार्य किए जा रहे हैं। इसी प्रकार 2.42 करोड़ रुपये की लागत से संगत हॉल के पत्थर की मरम्मत, लंगर हॉल, सराय तथा पैनोरमा स्थित हॉल की पेंटिंग के कार्य जारी हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सराय में नया फर्नीचर, एयर कंडीशनर तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर लगभग 1.74 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त एस.टी.पी. की क्षमता बढ़ाने, सभी बाथरूमों की मरम्मत, नए ए.सी. और गीजर लगाने तथा फायर सेफ्टी सिस्टम सहित अन्य कार्यों पर 5 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च की जाएगी। उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि जी तीर्थ स्थल के विकास कार्यों के लिए सरकार के पास फंडों की कोई कमी नहीं है। इस अवसर पर भगवान वाल्मीकि जी तीर्थ स्थल श्राइन बोर्ड के एडवाइजरी बोर्ड के चेयरमैन श्री बाल जोगी प्रगट नाथ ने पावन सरोवर की सफाई की सेवा पूरी होने पर संगत को बधाई दी तथा पंजाब सरकार का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि तीर्थ स्थल के सौंदर्यीकरण के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने बताया कि अगले महीने भगवान श्री वाल्मीकि जी का प्रकट दिवस पूरी श्रद्धा और धूमधाम से मनाया जाएगा तथा चल रहे विकास कार्यों को समय पर पूरा कर लिया जाएगा।

26 से 28 सितंबर तक रणजीत एवेन्यू में लगेगा 'पंजाब सखी शक्ति मेला'

डेली आवाज भारती

अमृतसर, के.एस. बेदी : पंजाब सरकार के निर्देशों के तहत जिला प्रशासन अमृतसर द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 'पंजाब सखी शक्ति मेला' 26 से 28 सितंबर तक रणजीत एवेन्यू के दशहरा ग्राउंड में आयोजित किया जा रहा है। यह मेला प्रतिदिन सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक आम जनता के लिए खुला रहेगा। 'पंजाब सखी शक्ति मेले' के संबंध में जानकारी देते हुए अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (ग्रामीण विकास) श्रीमती पल्लवी मिश्रा ने बताया कि मेले में महिला उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों और हुनरमंद महिलाओं द्वारा तैयार किए गए हस्तनिर्मित उत्पाद, हस्तशिल्प, कपड़े, सजावटी सामान,



खाद्य पदार्थ तथा अन्य घरेलू उत्पाद प्रदर्शनी एवं बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि इस मेले के माध्यम से महिलाओं को अपने उत्पादों की मार्केटिंग, ब्रांडिंग और नए ग्राहकों से सीधे संपर्क स्थापित करने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा, सरकार की स्वरोजगार, कौशल विकास और कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में भी जानकारी प्रदान की जाएगी। अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि मेले के दौरान विभिन्न कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम और रंगारंग प्रस्तुतियां दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत 26 सितंबर को शाम 5 बजे प्रसिद्ध लोक गायक कंवर ग्रेवाल तथा 28 सितंबर को शाम 5 बजे मंढेर ब्रदर्स अपनी सुरीली गायकी से समां बांधेंगे। इसके अतिरिक्त, 'पंजाब सखी शक्ति मेले' में स्कूली विद्यार्थियों द्वारा भी अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन किया जाएगा।

जनगणना 2027 के दूसरे चरण के लिए फील्ड ट्रेनरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

डेली आवाज भारती

अमृतसर/के.एस. बेदी जनगणना 2027 के दूसरे चरण (चरण-II— जनसंख्या गणना) के तहत फील्ड ट्रेनरों (Field Trainers) के लिए जिला परिषद हॉल, अमृतसर में 21 से 2× सितंबर 2026 तक आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जनगणना कार्य निदेशालय, पंजाब, चंडीगढ़ के दिशा-निर्देशों के तहत अमृतसर के जनगणना अधिकारियों (PCOs) द्वारा आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान सहायक निदेशक श्री स्वदेश प्रताप सिंह शाक्य तथा मास्टर ट्रेनर श्री राजविंदर सिंह, श्री अमृतपाल सिंह और श्री चरणजीत सिंह ने फील्ड ट्रेनरों को जनगणना 2027 से संबंधित विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण में सरकारी कॉलेजों तथा विभिन्न



स्कूलों के शिक्षकों, लेक्चररों और प्रोफेसरों सहित कुल 60 फील्ड ट्रेनरों ने भाग लिया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले फील्ड ट्रेनर आगे अमृतसर जिले में प्रगणकों (Enumerators) और पर्यवेक्षकों (Supervisors) को प्रशिक्षित करेंगे। ये प्रगणक एवं पर्यवेक्षक निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार घर-घर जाकर लोगों से जानकारी प्राप्त करते हुए जनसंख्या गणना का कार्य संपन्न करेंगे। प्रशिक्षण के दौरान फील्ड ट्रेनरों को जनगणना के समय पूछे जाने वाले 40 सवालों तथा उन्हें सही तरीके से पूछने की प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके अलावा PE App (Population Enumeration App) के संचालन का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रतिभागियों को गणना ब्लॉक का नक्शा तैयार करने तथा मैपिंग से संबंधित संभावित समस्याओं और उनके समाधान के बारे में भी व्यावहारिक सत्रों के माध्यम से जानकारी प्रदान की गई। सहायक निदेशक श्री स्वदेश प्रताप सिंह शाक्य ने बताया कि स्द्गद्घ Enumeration का कार्य 16 नवंबर से 0 नवंबर 2026 तक किया जाएगा, जबकि वास्तविक जनसंख्या गणना का कार्य 1 दिसंबर 2026 से शुरू होगा। उन्होंने बताया कि ऐसे बेघर व्यक्ति जिनका कोई स्थायी ठिकाना नहीं है, उनकी गणना का कार्य बाद में 4 जनवरी 2027 से टीमों के सहयोग से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि PE App के माध्यम से ऑनलाइन कार्य सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक किया जा सकेगा। रात 12 बजे से सुबह 6 बजे तक एप में प्रगणकों द्वारा कोई ऑनलाइन अपडेट नहीं किया जा सकेगा। इस अवसर पर डिप्टी ई.एस.ए. (अमृतसर) श्री एस. जगपाल सिंह भी उपस्थित थे। उन्होंने फील्ड ट्रेनरों को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन ईमानदारी, सटीकता, अनुशासन और टीम भावना के साथ करने का आह्वान किया तथा जनगणना कार्य को सुचारू एवं प्रभावी ढंग से पूरा करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की अपील की।

श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित पंजाब सरकार निकालेगी चार विशाल शोभा यात्राएं: प्रभबीर सिंह बराड़

3 दिसंबर को चारों शोभा यात्राएं श्री खुरालगढ़ साहिब पहुंचेंगी

डेली आवाज भारती

अमृतसर, :के.एस. बेदी: पंजाब के मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित देशभर के प्रमुख धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों को श्री खुरालगढ़ साहिब से जोड़ने के लिए चार विशाल शोभा यात्राएं निकाली जाएंगी। यह जानकारी पनसप के चेयरमैन स. प्रभबीर सिंह बराड़ ने दी। उन्होंने कहा कि इन शोभा यात्राओं का मुख्य उद्देश्य श्री गुरु रविदास जी महाराज की सर्वसांझी शिक्षाओं, पवित्र वाणी तथा समानता, प्रेम और आपसी भाईचारे के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। स. बराड़ ने बताया कि पहली शोभा यात्रा 30 नवंबर को पवित्र



नगरी वाराणसी (काशी) से शुरू होगी और कानपुर, दिल्ली, अंबाला, साहिबजादा अजीत सिंह नगर (मोहाली) तथा रूपनगर से होते हुए 3 दिसंबर को श्री खुरालगढ़ साहिब पहुंचेगी। दूसरी शोभा यात्रा 2 दिसंबर को फरीदकोट से रवाना होगी और फिरोजपुर, मोगा, लुधियाना, शहीद भगत सिंह नगर तथा गढ़शंकर से होते हुए श्री खुरालगढ़ साहिब पहुंचेगी। उन्होंने आगे बताया कि तीसरी शोभा यात्रा 1 दिसंबर को बठिंडा से शुरू होकर बरनाला, मानसा, लहरागागा, संगरूर, पटियाला, फतेहगढ़ साहिब, मोरिंडा तथा रूपनगर से होते हुए 3 दिसंबर को श्री खुरालगढ़ साहिब पहुंचेगी। इसी प्रकार, चौथी शोभा यात्रा 30 नवंबर को पड़ोसी राज्य जम्मू से शुरू होगी और पठानकोट, गुरदासपुर, अमृतसर, तरनतारन, कपूरथला, जालंधर तथा होशियारपुर से होते हुए 3 दिसंबर को श्री खुरालगढ़ साहिब पहुंचेगी। चेयरमैन ने कहा कि चारों शोभा यात्राओं के 3 दिसंबर को श्री खुरालगढ़ साहिब पहुंचने के उपरांत विशाल धार्मिक समागम आयोजित किए जाएंगे। 4 दिसंबर को श्री अखंड पाठ साहिब का शुभारंभ होगा तथा 6 दिसंबर को भोग डाले जाएंगे। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित वर्षभर विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में प्रभावशाली ड्रोन शो, शिक्षण संस्थानों में अकादमिक सेमिनार, स्कूलों में निबंध प्रतियोगिताएं, गुरबाणी विचार-चर्चाएं तथा पंजाबभर में कीर्तन दरबार शामिल हैं। स. प्रभबीर सिंह बराड़ ने कहा कि श्री गुरु रविदास जी महाराज की शिक्षाएं संपूर्ण मानवता के लिए प्रकाश स्तंभ हैं। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए समाज में समानता, सद्भावना और भाईचारे की भावना को और मजबूत करना चाहिए। उन्होंने संगत से श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित समागमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

page 6_Layout 1 24-09-2026 19:30 Page 1

आवाज भारती फिल्मी तड़का



लस्ट स्टोरीज़ 3 के पिता-बेटी वाले सीन ने छू लिया अदिति राव हैदरी का दिल

बोलीं- 'यह मेरे लिए बहुत भावुक था'

अदिति राव हैदरी इन दिनों हाल ही में रिलीज हुई लस्ट स्टोरीज़ 3 को मिल रहे प्यार और सराहना का आनंद ले रही हैं। फिल्म में अभिनेत्री ने अपने समय से काफी आगे का किरदार निभाया है। सायरा के किरदार में अदिति न सिर्फ वासना, चाहत और महिला सुख की भावनाओं को बखूबी पर्दे पर उतारती हैं, बल्कि पिता और बेटी के रिश्ते की खूबसूरती को भी भावनात्मक रूप से दर्शाती हैं। अभिनेत्री ने अपने वास्तविक जीवन की एक याद को साझा करते हुए बताया कि गजराज राव के साथ इस रिश्ते को पर्दे पर निभाना उनके लिए बेहद निजी और भावुक अनुभव था। फिल्म में गजराज राव उनके ऑन-स्क्रीन ससुर के किरदार में नजर आते हैं। वह बताती हैं, ‘जो कुछ कागज पर लिखा गया था, वह बहुत खूबसूरत था। लेकिन जाहिर तौर पर जब निर्देशक अपनी समझ और नजरिए को उसमें जोड़ते हैं और आपके सामने गजराज राव जैसे अभिनेता होते हैं, तो मेरे लिए यह रिश्ता बहुत ही कोमल और भावुक बन गया। कहानी में जो चीज मुझे सबसे ज्यादा प्रभावित करती है, वह उस परिवार की प्रगतिशील सोच थी, जहां ससुर इस लड़की के साथ खड़े होते हैं और उसके सहयोगी बनते हैं। क्योंकि हर कोई कहता है, 'ये तो हमारे घर की बच्ची है, ये तो हमारी बेटी है।' लेकिन 1987 के दौर में एक लड़की का अपने ससुर में एक ऐसे व्यक्ति को पाना, जिसके साथ वह अपने मन की बात साझा कर सके, मुझे लगता है कि यह वाकई बहुत खूबसूरत है। जैसा कि मैं हमेशा कहती हूं, कल ही यह बात मेरे मन में आई कि यह लगभग एक आदर्श प्रेम कहानी जैसी है, जहां इच्छाएं अधूरी हैं, लेकिन वे सभी बहुत सारे प्यार के साथ अधूरी हैं। वह आगे कहती हैं, ‘एक लड़की का अपनी कला के जरिए अपना साहस तलाश पाना, मुझे यह भी बेहद अद्भुत लगता है। पति और ससुर, दोनों का इस सफर में उसका साथ देना बहुत खूबसूरत है, चाहे वह नृत्य हो, संगीत हो, लेखन हो, कविता हो या साहित्य। लड़कियों के लिए और हम सभी के लिए यही हमारी आवाज है। यह हमें अपने होने का एक ऐसा एहसास देता है, जो पूरी तरह हमारा है। मुझे जिंदगी में यह बात हमेशा बहुत खूबसूरत लगती है। इसलिए मुझे वह सीन बहुत पसंद आया, क्योंकि उसमें बहुत कोमलता थी। मेरे पिता का निधन उस समय हुआ जब उन्हें अभी और जीना चाहिए था। वह बीमार थे। इसलिए मेरे लिए माता-पिता और बच्चे के बीच का कोई भी सीन बहुत... बहुत ज्यादा मायने रखता है। वह मेरे लिए बेहद भावुक था। वह बहुत खूबसूरत था। इस बार अदिति राव हैदरी ने वासना, चाहत और महिला सुख की पूरी भावनात्मक दुनिया को छूते हुए महिला होने की एक सटीक तस्वीर पेश की है। सायरा के किरदार और अदिति के बीच एक साफ जुड़ाव नजर आता है और यही कनेक्शन इस किरदार को और भी प्रभावशाली बनाता है।



ऋतिक रोशन के साथ एक छोटे से वीडियो ने बदल दी प्राजक्ता कोली की जिंदगी, ऐसे शुरू हुआ यूट्यूब का सफर

आज प्राजक्ता कोली को लोग एक सफल कंटेंट क्रिएटर, एक्ट्रेस और राइटर के तौर पर जानते हैं। मोस्टली सेन के नाम से उन्होंने डिजिटल दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई और बाद में एक्टिंग में भी कदम रखा। एक समय ऐसा था जब प्राजक्ता सिर्फ रेडियो जॉकी बनने का सपना देखती थीं और इसी सपने को पूरा करने के लिए एक रेडियो स्टेशन में इंटर्नशिप कर रही थीं। उन्हें नहीं पता था कि एक दिन रेडियो स्टेशन पर ऋतिक रोशन के साथ बनाया गया एक छोटा-सा वीडियो उनके करियर की दिशा बदल देगा। प्राजक्ता ने हाल ही में पहला पहला के लेटेस्ट एपिसोड में गोपाल दत्त के साथ बातचीत के दौरान अपने शुरुआती दिनों को याद किया। उन्होंने कहा, मैं ठाणे में पली-बढ़ी और बचपन में रेडियो की दुनिया में काम करने का सपना देखती थीं। इसी वजह से मैंने रेडियो स्टेशन में इंटर्न के तौर पर काम करना शुरू किया। उस वक्त फिल्म बैंग बैंग रिलीज होने वाली थी और ऋतिक रोशन फिल्म के प्रमोशन के लिए रेडियो स्टेशन आए थे। प्राजक्ता ने आगे बताया, रेडियो स्टेशन पर जब भी कोई एक्टर फिल्म के प्रमोशन के लिए आता था, तो वहां एक तरह की परंपरा थी। टीम के लोग उस एक्टर के गानों पर डांस करते थे। मैं उस समय इंटर्न थी, इसलिए मुझे भी डांस करने के लिए कहा गया। मेरे लिए यह मौका खास था, क्योंकि मैं बचपन से ही ऋतिक रोशन की बड़ी फैन रही हूं। मैं डांस करने के लिए तैयार हो गई और ऋतिक के साथ परफॉर्म भी किया। उस दौरान ऋतिक की टीम में सुदीप भी मौजूद थे। प्राजक्ता ने बताया, डांस के बाद सुदीप ने मेरा ऋतिक के साथ एक छोटा-सा वीडियो भी शूट किया। उस समय मुझे लगा भी नहीं था कि इस वीडियो से आगे कुछ होने वाला है। लेकिन इसी वीडियो ने मेरे लिए एक नया रास्ता खोल दिया। सुदीप मेरे पास आए और पूछा कि क्या मैं इस तरह के वीडियो बनाती हूं। मैंने साफ कहा कि नहीं, मैं ऐसा कुछ नहीं करतीं। उन्होंने कहा, इसके बाद सुदीप ने मुझे अपना कार्ड दिया और सलाह दी कि मुझे यूट्यूब के लिए कंटेंट बनाना चाहिए। उस समय मुझे यूट्यूब के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी। मुझे यह तक नहीं पता था कि यूट्यूब पर कंटेंट बनाकर करियर कैसे बनाया जाता है। मेरे लिए उस वक्त सबसे बड़ा लक्ष्य रेडियो जॉकी बनना था। प्राजक्ता ने अपने उस दौर की आर्थिक स्थिति को भी याद किया। उन्होंने कहा, मैं इंटर्न थी और बहुत ज्यादा पैसे नहीं कमा रही थी। उस समय मुझे स्काइप का इस्तेमाल करने में भी पैसे खर्च करने पड़ते थे। ऐसे में यूट्यूब पर काम करना मुझे कोई करियर के लिए अच्छा ऑप्शन नहीं लगा। मैं सोचती थी कि अगर मुझे रेडियो जॉकी की नौकरी नहीं मिली तो मैं प्रोड्यूसर की नौकरी कर लूंगी।



उन्होंने कहा, लेकिन समय के साथ यूट्यूब का यह आइडिया मेरे दिमाग में बैठने लगा। आगे चलकर मैंने मोस्टली सेन के नाम से अपना कंटेंट बनाना शुरू किया। मेरे रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़े वीडियो लोगों को पसंद आने लगे और देखते ही देखते यह डिजिटल दुनिया में एक जाना-पहचाना नाम बन गया। जिस प्लेटफॉर्म को लेकर शुरुआत में मुझे खुद ज्यादा जानकारी नहीं थी, वही आगे चलकर मेरे करियर का बड़ा हिस्सा बन गया। प्राजक्ता ने अपने रेडियो के शुरुआती संघर्ष और इस सफर में माता-पिता से मिले सपोर्ट के बारे में भी बात की। कंटेंट क्रिएशन के बाद उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा और मिसमैच्ड से दर्शकों के बीच पहचान बनाई। इसके अलावा वह यूट्यूब के क्रिएटर्स फॉर चेंज प्रोग्राम का हिस्सा बनीं और मिशेल ओबामा के साथ भी काम किया।

'वह अपनी ही अच्छाई का आदी हैं', 'लास्ट मैन इन टावर' में अपने किरदार के बारे में मनोज बाजपेयी का बयान

नेशनल अवॉर्ड विनर एक्टर मनोज बाजपेयी इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म लास्ट मैन इन टावर को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में उनके किरदार को दर्शकों की तरफ से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। आईएएनएस को दिए इंटरव्यू में मनोज ने बताया कि उनका किरदार परिवार में हमेशा अच्छा इंसान और बड़ा इंसान बने रहने की चाह में इतना आगे निकल जाता है कि वह अपने ही परिवार की जरूरतों को नजरअंदाज करने लगता है। मनोज बाजपेयी फिल्म में एक ऐसे रिटायर्ड स्कूल टीचर और विधुर का किरदार निभा रहे हैं, जो अपनी जिंदगी में खुद को हमेशा परिवार का सही और जिम्मेदार इंसान मानता रहा है। उसे लगता है कि उसने अपने परिवार के लिए बहुत कुछ किया है और जरूरत पड़ने पर हमेशा अपने भाइयों के साथ खड़ा रहा है। लेकिन, जब उसका बेटा उसे उसकी ही सोच का दूसरा पहलू दिखाता है, तो उसके लिए खुद को सही मानने की तस्वीर बदलने लगती है। आईएएनएस से बात करते हुए मनोज ने कहा, मेरा किरदार हर चीज को सही और गलत के नजरिए से देखने का आदी है। उसके लिए किसी भी परिस्थिति को बीच के रास्ते से देखने की गुंजाइश कम है। अगर मेरे किरदार की बैकस्टोरी को समझा जाए तो उसके बारे में कई बातें उसके बेटे के जरिए सामने आती हैं। वह परिवार में हमेशा खुद को अच्छा और दूसरों से बड़ा साबित करने की कोशिश करता रहा है। उसे लगता है कि उसने अपने भाइयों के लिए



बहुत कुछ किया है। उनकी मदद करके वह परिवार में अपनी जिम्मेदारी पूरी कर रहा है। यही सोच धीरे-धीरे उसके व्यक्तित्व का हिस्सा बन जाती है।

मनोज ने कहा, अपने परिवार के लिए कुछ करने और खुद को परिवार का बड़ा इंसान समझने की इस कोशिश में वह अपने सबसे करीबी परिवार को ही कहीं पीछे छोड़ देता है। उसे हमेशा लगता है कि उसने अपने भाइयों के लिए इतना कुछ किया है, इसलिए उसके फैसलों और त्याग की कद्र होनी चाहिए। लेकिन जब उसका बेटा उसके सामने यह बात रखता है कि उसकी इस सोच और व्यवहार का असर उसके अपने परिवार पर भी पड़ा है, तो उसके अंदर की पूरी तस्वीर हिल जाती है। उन्होंने कहा, उस वक्त मेरे किरदार को एहसास होता है कि जिस काम को वह इतने समय से अपनी सबसे बड़ी अच्छाई मानता आया था, वही उसके आसपास के लोगों के लिए परेशानी की वजह भी बन रहा था। कई बार हम अपनी ही अच्छाई या महानता के इतने आदी हो जाते हैं कि यह देखना बंद कर देते हैं कि हमारी वही महानता दूसरों के लिए किस तरह मुश्किलें पैदा कर रही है। उन्होंने कहा, इंसान अक्सर अपने किए हुए कामों को एक खास नजरिए से देखता है और खुद को सही साबित करने की कोशिश करता रहता है। असल चुनौती खुद को समझने की होती है। मेरे किरदार के साथ भी कुछ ऐसा ही होता है, जहां उसे अपनी सोच और अपने फैसलों को एक अलग नजरिए से देखने का मौका मिलता है। लास्ट मैन इन टावर अरविंद अडिगा के इसी नाम के नॉवेल पर आधारित है। फिल्म की कहानी तेजी से बदलती मुंबई की पृष्ठभूमि में सेट है। इसमें मनोज के किरदार की जिंदगी तब बदल जाती है, जब एक बड़ा बिल्डर उस पुरानी इमारत के सभी लोगों को अच्छी रकम देकर घर खाली करने का ऑफर देता है। ज्यादातर लोग इस ऑफर को स्वीकार करने के लिए तैयार हो जाते हैं, क्योंकि इसके बदले उन्हें बड़ी रकम मिल रही होती है। लेकिन मनोज का किरदार अपना घर छोड़ने से साफ इनकार कर देता है। इसके बाद वह पूरी बिल्डिंग को खाली कराने और वहां लग्जरी टावर बनाने की योजना के बीच अकेली बड़ी रुकावट बन जाता है। कहानी सिर्फ घर बचाने की लड़ाई तक सीमित नहीं रहती, बल्कि इसके जरिए परिवार, रिश्तों, पैसे, सोच और इंसान के अपने बारे में बनाए नजरिए को भी दिखाया गया है।

'ढिंढोरा 2' को बनाने में भुवन बाम ने की कड़ी मेहनत, बताया- 'कई ड्राफ्ट, जोक्स और स्टोरीलाइन पर करना पड़ा दोबारा काम

कंटेंट क्रिएटर और एक्टर भुवन बाम की पॉपुलर सीरीज 'ढिंढोरा' के दूसरे सीजन का दर्शक लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। 2021 में यूट्यूब पर रिलीज हुई इस सीरीज ने भुवन बाम के बनाए किरदारों को घर-घर तक पहुंचा दिया था। अब, 'ढिंढोरा 2' एक बड़े प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक देने के लिए तैयार है। सीरीज की पहली झलक सामने आने के बाद फैंस के बीच इसे लेकर उत्साह और बढ़ गया है। सीरीज के अनुभव को लेकर भुवन ने कहा कि इस सीजन को स्क्रीन तक लाना उनके लिए बिल्कुल आसान नहीं था। इसके लिए उन्हें कई ड्राफ्ट, जोक्स और स्टोरीलाइन पर बार-बार काम करना पड़ा। आईएएनएस के साथ खास बातचीत में भुवन बाम ने 'ढिंढोरा 2' बनाने के सफर और अपने जुड़ाव के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'सीरीज 'ढिंढोरा' मेरे लिए बेहद खास है। इसके किरदार पिछले कई सालों में मेरे और दर्शकों के साथ-साथ बड़े हुए हैं। इसके सीजन 2 पर लंबे समय से काम चल रहा था और अब जब इसकी पहली झलक दर्शकों के सामने आई है, तो मेरे लिए यह पल काफी यादगार बन गया है। भुवन के कहा, ढिंढोरा 2 में पहले सीजन से ज्यादा पागलपन होगा, लेकिन इसकी सबसे जरूरी बात यह है कि इसमें उस दुनिया का पुराना मजा



और अपनापन भी बना रहेगा। मैं नहीं चाहता कि बड़े प्लेटफॉर्म पर जाने की वजह से शो अपनी असली पहचान खो दे। इसलिए कहानी को बड़ा करने के साथ-साथ उन चीजों को भी संभालकर रखा गया है, जिनसे दर्शक पहले सीजन में जुड़े थे। उन्होंने कहा, सीजन 2 को तैयार करने के दौरान सबसे बड़ी चुनौती कहानी को लेकर थी। इस प्रोजेक्ट पर काम करते हुए कई ड्राफ्ट लिखे गए। सिर्फ कहानी ही नहीं, बल्कि कई जोक्स और स्टोरीलाइन को भी बार-बार बदला गया। मेरा मकसद यही था कि आखिर में जो कहानी दर्शकों तक पहुंचे, वह उन्हें सही लगे और मेरी मौजूदा सोच से भी जुड़ सके। उन्होंने कहा, अब ढिंढोरा 2 जिस मुकाम पर पहुंचा है, वह आज की सोच और मैच्योरिटी से काफी जुड़ा हुआ है। सीरीज में कुछ ऐसे मुद्दों को भी छूने की कोशिश की गई है, जिन पर मैं खुद भरोसा करता हूं। मुझे उम्मीद हैं कि पुराने फैंस को इसमें वही अपनापन मिलेगा, जिसके लिए वह इस सीरीज को पसंद करते आए हैं। साथ ही नई ऑडियंस भी इस कहानी और इसके किरदारों से जुड़ पाएगी। बीबीकेवी प्रोडक्शन्स के फाउंडर और प्रोड्यूसर रोहित राज ने भी ढिंढोरा के इस सफर को खास बताया। उन्होंने कहा, एक इंडिपेंडेंट यूट्यूब सीरीज से नेटफ्लिक्स तक पहुंचना काफी बड़ा सफर रहा है। दूसरे सीजन को बड़े लेवल पर बनाने की कोशिश की गई है, लेकिन टीम ने यह भी ध्यान रखा कि पहले सीजन की वह मस्ती, पागलपन और पहचान कहीं खो न जाए। नेटफ्लिक्स ने हाल ही में ढिंढोरा 2 की पहली झलक जारी की थी। इसमें बीबी की वाइन्स की दुनिया और इसके पसंदीदा किरदारों की वापसी देखने को मिली। इस बार कहानी बड़े कैनवास पर दिखाई जाएगी और टीटू मामा एक बार फिर इस पूरे पागलपन के बीच अहम भूमिका में नजर आएंगे। ढिंढोरा का पहला सीजन 2021 में यूट्यूब पर रिलीज हुआ था। इसे दर्शकों का काफी प्यार मिला था। अब दूसरे सीजन के साथ यह फ्रेंचाइजी नेटफ्लिक्स पर पहुंच रही है। ढिंढोरा 2 को भुवन बाम और रोहित राज ने प्रोड्यूस किया है, जबकि इसका निर्देशन स्नेहा शेट्टी कोहली ने किया है।

CMYK

page 7_Layout 1 24-09-2026 16:13 Page 1

रूसी तेल पर 100 प्रतिशत टैरिफ के बीच साझेदारों की ऊर्जा सुरक्षा में मदद को अमेरिका तैयारः रुबियो

डेली आवाज भारती



न्यूयॉर्क/नई दिल्ली। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने से जुड़े हालिया कानून के बीच अमेरिका अपने क्षेत्रीय साझेदार देशों की ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों से निपटने में मदद कर सकता है। अमेरिकी विदेश विभाग ने यह जानकारी दी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि बुधवार को रुबियो के साथ हुई मुलाकात में उन्होंने प्रतिबंधों का मुद्दा उठाया। जयशंकर ने सोशल मीडि या प्ले टफॉर्म %एक्स% पोस्ट पर बताया कि उन्होंने ग्राहम सैंक्शनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट (एसआरआईए) को लेकर भारत के हितों और चिंताओं को एक बार फिर सामने रखा। बैठक के बारे में अमेरिकी विदेश विभाग की ओर से जारी जानकारी में कहा गया कि रुबियो और जयशंकर ने उन प्रतिबंधों पर चर्चा की, जो रूस और ईरान के साथ आर्थिक संबंध रखने वाले देशों पर लगाए जा सकते हैं। विदेश विभाग ने कहा, ÷विदेश मंत्री रुबियो ने जोर दिया कि अमेरिका अपने क्षेत्रीय साझेदार देशों को ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों से निपटने में मदद करने की अच्छी स्थिति में है।÷ हालांकि, उन्‍ होंने यह विस्तार से नहीं बताया कि यह मदद किस तरह दी जाएगी या इसके लिए क्या व्यवस्था होगी।अगर यह टैरिफ लागू किया जाता है, तो इसका असर अमेरिका को होने वाले भारतीय निर्यात पर पड़ सकता है। साथ ही यह भारत और अमेरिका के बीच चल रही व्यापार समझौते की बातचीत में भी रुकावट बन सकता है।

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में रुबियो ने कहा कि इस कानून में राष्ट्रपति को राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर छूट देने का अधिकार भी दिया गया है। इससे वह जरूरत के हिसाब से अलग-अलग मामलों में छूट दे सकते हैं। हालांकि, राष्ट्रपति इस अधिकार का इस्तेमाल कैसे करेंगे, यह फैसला उन्हें ही करना है और इसकी घोषणा भी वही करेंगे।

रुबियो ने कहा, ÷अब राष्ट्रपति के पास एक ऐसा साधन है, जिसका इस्तेमाल वह सिर्फ रूस-यूक्रेन संघर्ष पर असर डालने के लिए ही नहीं, बल्कि ईरान से जुड़े मामलों में भी कर सकते हैं।÷

भारत के लिए ईरान के मुकाबले रूस के साथ व्यापारिक संबंध कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। रूस भारत को तेल और रक्षा उपकरण सप्लाई करने वाले प्रमुख देशों में शामिल है। भारत ने 2019 में ईरान से तेल की खरीद काफी कम कर दी थी। ईरान को भारत का निर्यात भी मुख्य रूप से चावल, खाने-पीने के सामान और दवाओं तक सीमित रहा है। मानवीय आधार पर इन सामानों को प्रतिबंधों से छूट मिली हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल की पहली छमाही में ईरान को भारत का निर्यात सिर्फ करीब 40 करोड़ डॉलर का था। अब इसके रुकने की आशंका है, क्योंकि यह व्यापार संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के रास्ते किया जा रहा था और खाड़ी क्षेत्र में संघर्ष की वजह से यह रास्ता बंद हो गया है।

इसी अवधि में छूट के तहत भारत का ईरान से तेल और गैस आयात करीब 70 करोड़ डॉलर का था। इसके मुकाबले भारत की ऊर्जा जरूरतों में रूसी तेल की भूमिका कहीं ज्यादा बड़ी है। रूस के कुल तेल निर्यात का करीब 37 प्रतिशत भारत खरीदता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले साल अगस्त में रूसी तेल खरीदने को लेकर भारत पर अलग से 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। उस समय चीन पर ऐसा टैरिफ नहीं लगाया गया था, जबकि लेख के मुताबिक चीन ने ज्यादा रूसी तेल खरीदा था। हालांकि, ट्रंप ने इस टैरिफ को बाद में फरवरी में हटा दिया था।

पंजाब में गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम को लेकर दी गई बम विस्फोट की धमकी,पुलिस व एजेंसियां सतर्क

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पंजाब में कार्यक्रम के दौरान बम विस्फोट की धमकी दी गई है। एक धमकी भरा ईमेल मिला, जिसमें मुंबई, दिल्ली और चंडीगढ़ में भाजपा दफ्तरों में भी बम धमाकों की चेतावनी दी गई है। फिलहाल, पुलिस टीमें व एजेंसियां सतर्क हैं और मामले की जांच में जुटी हैं। धमकी भरे ईमेल में लिखा है, 'नायब सैनी की अमित शाह के साथ आखिरी यात्रा- बम धमाके। अमित शाह के साथ 30 सितंबर को नायब सैनी का भाजपा का हिंदू अतिवादी बम धमाकों के बीच खत्म करना। भाजपा के मुंबई, दिल्ली और चंडीगढ़ में दफ्तरों में आईडी धमाके होंगे 30 सितंबर को।' यह तथाकथित ईमेल में 'खालिस्तान नेशनल आर्मी' और 'बब्बर खालसा' का जिक्र है।

साथ ही, पंचकूला के प्राइवेट स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इस ईमेल में लिखा है, ÷पंचकूला स्कूल, समय दोपहर 1.11 बजे। अपने बच्चे बचाओ। पंजाब में भाजपा का यात्रा में साथ न देना। गौरतलब है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 30 सितंबर को पंजाब में चल रहे नशा-मुक्ति अभियान के समापन समारोह को संबोधित करेंगे। इसी दिन जालंधर में नशा-विरोधी चार यात्राओं का समापन होगा। अमित शाह इस अभियान के समापन कार्यक्रम के तहत जालंधर में एक बड़ी रैली को संबोधित करेंगे। यह अभियान 'नशा-मुक्त पंजाब' की थीम पर आयोजित किया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने 18 सितंबर को पठानकोट के माधोपुर से यात्राओं की शुरुआत की थी। अभियान के तहत राज्य के अलग-अलग हिस्सों से गुजरने वाली नशा-विरोधी चार यात्राएं 30 सितंबर को जालंधर में एक साथ मिलेंगी। इन यात्राओं के समापन के बाद अमित शाह इस बड़ी सभा को संबोधित करेंगे। गृह मंत्री के संबोधन में नशे की समस्या से निपटने पर भाजपा के रुख और पंजाब में उसकी व्यापक राजनीतिक व संगठनात्मक प्राथमिकताओं पर जोर दिए जाने की संभावना है।

चौधरी देवीलाल की 113वीं जयंती पर प्रदेशभर में कार्यक्रम, शक्कर मंदोरी में प्रतिमा का होगा अनावरण

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। भारत के पूर्व उपप्रधानमंत्री एवं जननायक चौधरी देवीलाल की 113वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार, 25 सितंबर को जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी। जयंती समारोहों को लेकर पार्टी की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता ऐलनाबाद हलके के गांव शक्कर मंदोरी में चौधरी देवीलाल की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ता और ताऊ देवीलाल के अनुयायी भी मौजूद रहेंगे। प्रदेशभर में प्रतिमाओं पर होंगी सभाएं

जेजेपी कार्यकर्ताओं की ओर से प्रदेशभर में स्थापित चौधरी देवीलाल की प्रतिमाओं की साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाएं पूरी की गई हैं। पार्टी के अनुसार, सभी जिलों में प्रतिमाओं के आसपास सभाओं का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में जेजेपी के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता और चौधरी देवीलाल के अनुयायी पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और उनके सार्वजनिक जीवन एवं सामाजिक योगदान को याद करेंगे। चौधरी देवीलाल की जयंती के अवसर पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से स्थानीय स्तर पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जयंती कार्यक्रमों में सहभागिता की जाएगी। जेजेपी के अनुसार, इन कार्यक्रमों के जरिए चौधरी देवीलाल के सार्वजनिक जीवन और समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े मुद्दों को याद किया जाएगा।

समस्तीपुर में नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ के मामले को लेकर तेजस्वी यादव बोले-'बिहार में राक्षसराज कायम'

डेली आवाज भारती



पटना। बिहार के समस्तीपुर जिले में नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ के मामले को लेकर विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव की प्रतिक्रिया सामने आई है। तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर जमकर निशाना साधा है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा, जमुई के बाद समस्तीपुर का वीडियो वायरल हो रहा है, यह बेहद दुखद है। इसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है। बिहार में पहली बार भाजपा का कोई मुख्यमंत्री बना है और कानून-व्यवस्था का 'जनाजा' उठ गया है। कानून-व्यवस्था बस नाम की रह गई है। बिहार में प्रतिदिन अपराध की घटनाएं सामने आ रही हैं। आपराधिक छवि वाला व्यक्ति जब मुख्यमंत्री बनता है तो इसी तरह की स्थिति उत्पन्न होती है।÷ तेजस्वी यादव ने कहा, ÷मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का हमने बयान देखा कि उन्होंने रील के बारे में बोला है। रील बनाओगे तो मारे जाओगे, यानी रील नहीं बनता तो बच जाता। वे क्या कहना चाहते हैं कि 'रील मत बनाओ, कांड करो'। मुख्यमंत्री खुद अपराधी हैं और नया-नया आइडिया दे रहे हैं। बिहार में इतने गंभीर मामले सामने आ रहे हैं और मुख्यमंत्री मजाक कर रहे हैं। बिहार लगातार शर्मसार हो रहा है। मुख्यमंत्री जाति देखकर कार्रवाई करेंगे या मामले को दबवाएंगे। शुरू से ही हम लोगों ने कहा है कि अपराधियों की कोई जाति नहीं होती। ये लोग अपराधियों को बचाने का काम कर रहे हैं।

दशहरा और दिवाली के दौरान चीनी की कीमतें नियंत्रण रखने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : ISMA

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। इंडियन शुगर एंड बायो-एनर्जी मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईएसएमए) के महानिदेशक दीपक बल्रानी ने गुरुवार को कहा कि आगामी त्योहारी सीजन के दौरान उपभोक्ताओं को उचित कीमतों पर चीनी उपलब्ध कराने के लिए सरकार और चीनी उद्योग मिलकर काम कर रहे हैं। आईएएनएस से बातचीत में बल्रानी ने कहा कि दशहरा और दिवाली जैसे प्रमुख त्योहारों के करीब आने के साथ चीनी की स्थिर आपूर्ति और किफायती कीमतें सुनिश्चित करना प्राथमिकता बनी हुई है। उन्होंने कहा, ÷सबसे पहले, सरकार और उद्योग दोनों उपभोक्ताओं को बहुत उचित दर पर चीनी उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं, खासकर त्योहारों के दौरान बढ़ने वाली मांग और त्योहारी सीजन में। उन्होंने आगे कहा, दशहरा बहुत जल्द आने वाला है, उसके बाद दिवाली और कई अन्य त्योहार हैं। इसलिए हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि चीनी बहुत उचित कीमत पर उपलब्ध हो। जैसा कि मैंने कहा, खुदरा कीमतें पहले ही कम हो चुकी हैं। उनके अनुसार, घरेलू बाजार में चीनी की आपूर्ति पर्याप्त बनी हुई है और कीमतों को नियंत्रण में रखने के प्रयास किए जा रहे हैं। बल्रानी ने कहा कि खुदरा चीनी की कीमतों में पहले ही नरमी शुरू हो गई है और आने वाले हफ्तों में इनमें और गिरावट आने की संभावना है। उन्होंने बताया कि एक्स-मिल कीमतों और खुदरा कीमतों में बदलाव के बीच आमतौर पर कुछ समय का अंतर होता है, क्योंकि थोक कीमतों में कमी का लाभ आपूर्ति श्रृंखला के जरिए उपभोक्ताओं तक पहुंचने में समय लगता है। उन्होंने कहा कि एक्स-मिल चीनी की कीमतों में पहले ही करीब 25-30 प्रतिशत तक कमी आई है और पूरे भारत में एक्स-मिल कीमत का औसत वर्तमान में करीब 4,450 रुपए प्रति क्विंटल है। बल्रानी ने बताया कि बाजार में कम लागत के स्तर के अनुरूप बदलाव होने के साथ खुदरा कीमतों में भी धीरे-धीरे कमी आएगी। बल्रानी ने कहा, ÷कीमतों' हुए बदलाव को खुदरा कीमतों तक पूरी तरह पहुंचने में कुछ समय लगता है। अब जब एक्स-मिल कीमतों में लगभग 25 से 30 प्रतिशत तक कमी आ चुकी है और पूरे भारत में एक्स-मिल कीमतों का औसत 4,450 रुपए है, तो मेरा मानना है कि आने वाले समय में खुदरा कीमतों में भी कमी आएगी।

पालघर में बड़ा हादसाः रबर कंपनी में स्टोर रूम की दीवार गिरी, 3 मजदूरों की मौत

डेली आवाज भारती



पालघर। महाराष्ट्र के पालघर में गुरुवार को एक रबर कंपनी की दीवार गिरने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि वाडा थाना क्षेत्र के विक्रमगढ़ रोड स्थित टीना रबर कंपनी में यह हादसा हुआ। फिलहाल,पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। पुलिस ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे मजदूर नाश्ता कर रहे थे। तभी पास स्थित स्टोर रूम की दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। कई लोग मलबे में दब गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत घायलों को बाहर निकालने के प्रयास किए। हालांकि, मलबे में दबने से तीन की मौत हो गई। मृतकों की पहचान विक्रमगढ़ के मोहा गांव निवासी केशव वालकु गुनगुणा, विक्रमगढ़ की वसूरी निवासी मीरा जानू गवली और वाडा की कोंब पोशेरी निवासी रंजना दिलीप कोंब के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। टीम ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले में आगे की कार्रवाई शुरू की। इससे पहले, महाराष्ट्र के पनवेल सीमा क्षेत्र में मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर एक बस में अचानक आग लगने की घटना सामने आई। बस में कुल 14 यात्री सवार थे। सभी यात्रियों को सुरक्षित रूप से दूसरी बस में शिफ्ट कर आगे रवाना कर दिया गया। शुरुआती जानकारी के अनुसार, मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर पुणे लेन में किलोमीटर 16 के पास बस में आग लगी। समय रहते सभी यात्रियों को बस से बाहर निकाल लिया गया। साथ ही, पुलिस और दमकल विभाग को बस में आग लगने की सूचना दी गई। मौके पर पहुंचने के बाद पनवेल महानगरपालिका और खोपोली नगर परिषद की दमकल विभाग की टीमों ने आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई।

किसानों का कल्याण, महिलाओं को आजीविका तथा युवाओं को रोजगार सुनिश्चित कर रही राज्य सरकार : भजनलाल शर्मा

डेली आवाज भारती



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का गत 25 वर्षों से एक-एक क्षण सेवा के लिए समर्पित रहा है। सेवा के इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए वडनगर से वाराणसी तक की सेवा संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह सेवा संकल्प अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा। मुख्यमंत्री गुरूवार को बीकानेर में सेवा संवाद कार्यक्रम-सेवा संकल्प यात्रा अभियान को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री ने सामाजिक सरोकार के कार्यों को तेजी से आगे बे ाया है। बेटी बचाओ-बेटी पे ाओ अभियान, स्वच्छ भारत अभियान, एक पे मां के नाम जैसे अभियानों ने समाज और देश को नई दिशा दी है। राजस्थान भी उनके एक पे मां के नाम अभियान से प्रेरित होकर हरियालो राजस्थान अभियान चला रहा है, जिसके अंतर्गत 5 वर्षों में 50 करो पौधे लगाने का संकल्प लिया है। इसमें से अब तक 28 करो पौधे लगा चुके हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर गरीब कल्याण की योजनाओं में आया बड़ा बदलाव, दुनियाभर के देशों की नजर भारत पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत का दुनियाभर में गौरव बे ा है। 2014 से पहले हमारा देश आतंकवाद, नक्सलवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण से प्रभावित था। लाखों-करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार होता था और सीमाएं असुरक्षित थीं। लेकिन जब से प्रधानमंत्री ने देश की कमान संभाली स्थितियां पूरी तरह से बदल गई। देश में इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर गरीब कल्याण की योजनाओं में बड़ा बदलाव आया है। 2014 में हमारे देश की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान पर थी।

संशोधित ईपीएफ सीमा और सामाजिक सुरक्षा तंत्र का निर्माण, कदम-दर-कदम आगे बढ़ते हुए



-श्री वी.अनंत नागेश्वररन और सुश्री श्रुति सिंह

विश्वकर्मा जयंती पर, कामगारों और शिल्पकारों का सम्मान करने वाले इस पर्व के अवसर पर सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के लिए वेतन सीमा को 15,000 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये प्रति माह करने के बहुत समय से लंबित निर्णय की घोषणा की। कोई पूछ सकता है कि सीमा में 10,000 रुपये की वृद्धि से आखिर क्या बदलाव आएगा? इस संशोधन की आवश्यकता क्यों है और इसका कर्मचारी या नियोक्ता पर क्या प्रभाव पड़ेगा? तो आइए, मूल बातों से शुरुआत करते हैं।

25,000 रुपये की यह वैधानिक वेतन सीमा अनिवार्य ईपीएफ, कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) और कर्मचारी जमा-लिंक्ड बीमा (ईडीएलआई) कवरेज के लिए सीमा का काम करती है। ये तीनों योजनाएं भारत में वेतनभोगी कामगारों के लिए सामाजिक सुरक्षा तंत्र के मूल आधार हैं-ेवानिवृत्ति/आपातकालीन निधि; नियोक्ता के अंशदान से वित्तपोषित पेंशन निधि, जिससे सेवानिवृत्ति के बाद भुगतान किया जाता है; और जीवन बीमा, जिसे नियोक्ता के अंशदान से ही वित्तपोषित किया जाता है, जिससे कर्मचारी की मृत्यु की स्थिति में उसके परिवार को सहायता मिल सके। पूर्णतः उचित यही है कि सामाजिक सुरक्षा को साल 2014 से स्थिर किसी संख्या पर आधारित न रखा जाए, जबकि इस अवधि में वेतन, न्यूनतम मजदूरी और जीवन-यापन की लागत लगातार बढ़ती रही है।

पिछली वेतन सीमा के तहत, 15,000 रुपये से अधिक मासिक वेतन पर नौकरी शुरू करने वाला कोई भी नया कर्मचारी अनिवार्य ईपीएफ कवरेज से बाहर हो जाता था, ईपीएस के लिए पात्र नहीं होता था और ईडीएलआई के संरक्षण से भी वंचित रहता था। किसी मौजूदा कर्मचारी का वेतन समय के साथ इस सीमा से अधिक हो जाने पर कवरेज समाप्त नहीं होतीथी, लेकिन ईपीएस के तहत पेंशन योग्य वेतन 15,000 रुपये पर ही सीमित रहता था। कोई यह तर्क दे सकता है कि अधिक वेतन पाने वाले कर्मचारी इसके बजाय स्वैच्छिक कवरेज का विकल्प चुन सकते हैं। इस तर्क में समस्या यह है कि सीमा से अधिक वेतन पर स्वैच्छिक नामांकन के लिए संयुक्त विकल्प के तहत नियोक्ता की सहमति आवश्यक होती है, जिससे यह विकल्प सुनिश्चित अधिकार के बजाय सौदेबाज़ी का विषय बन जाता है। बढ़ी हुई वेतन सीमा के साथ, यह कवरेज सौदेबाज़ी का विषय न रहकरअधिकारबन जाएगी। बढ़ी हुई वेतन सीमा कामगारों से जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान तो नहीं करती, लेकिन यह औपचारिक सामाजिक सुरक्षा तंत्र को थोड़ा अधिक न्यायसंगत और थोड़ा व्यापक जरूर बनाती है। 10,000 रुपये की वृद्धि भले ही मामूली लगती हो, लेकिन अब सामाजिक सुरक्षा तंत्र के दायरे में आने वाले अतिरिक्त 51 लाख कामगारों की संख्या मामूली नहीं है। और अधिकांश अधिकारों के विपरीत, इस अधिकार का लाभ लेने के लिए कामगार को अपनी ओर से कुछ भी करने की आवश्यकता नहीं है। मनुष्य अपने भविष्य की कल्पना करने और उसके लिए तैयारी करने में खास अच्छे नहीं होते। 65 वर्ष की उम्र के अपने भावी स्वरूप के लिए कोई बजट नहीं बनाता। हम अक्सर उस छोटे लाभ को चुनते हैं जो जल्दी मिल जाए, बजाय उस बड़े लाभ के जो देर से मिले। व्यवहार अर्थशास्त्र में इसे'हाइपरबोलिक डिस्काउंटिंग'कहा जाता है। परिणामस्वरूप, सीमित आय में तत्काल उपभोग की जरूरतों को पूरा करने की तुलना में भविष्य में अपने लिए या किसी भावी परिस्थिति के लिए बचत करना और योजना बनाना अक्सर अधिक कठिन होता है। यही कारण है कि ईपीएफओ द्वारा संचालित अनिवार्य सामाजिक सुरक्षा अंशदान जैसी व्यवस्थाओं की रूपरेखा महत्वपूर्ण है। यह बचत के लिए कामगार की इच्छा या इच्छशक्ति पर निर्भर किए बिना काम करती है। आय के कामगार के खाते में पहुंचने से पहले ही पेंशन के लिए अंशदान अलग रख दिया जाता है–जो पैसा कभी दिखाई ही नहीं देता, उसे खर्च करना संभव नहीं होता। और धीरे-धीरे, हर महीने वेतन का एक छोटा हिस्सा अलग रखा जाता है, जिससे सेवानिवृत्ति निधि तैयार होती है, जिसका उपयोग आपातकाल में भी किया जा सकता है, साथ ही जीवन बीमा का कवरेज भी मिलता है–वह भी आपके अपनी ओर से बिना कोई अतिरिक्त प्रयास किए। हालांकि, इस संशोधन के साथ नियोक्ताओं के लिए एक लागत भी जुड़ी हुई है। अनिवार्य वेतन सीमा अब बढ़ाकर 25,000 रुपये किए जाने के साथ, नियोक्ताओं को काफी अधिक संख्या में कर्मचारियों को वैधानिक ईपीएफ कवरेज प्रदान करनी होगी और उनके मासिक अंशदान संबंधी दायित्व भी बढ़ जाएंगे। उदाहरण के लिए, 22,000 रुपये प्रति माह कमाने वाला ऐसा कर्मचारी, जो पहले अनिवार्य कवरेज से बाहर था, अब वैधानिक रूप से ईपीएफ कवरेज के दायरे में आएगा और नियोक्ता के लिए इस कर्मचारी को ईपीएफ कवरेज प्रदान करना अनिवार्य होगा। अब नियोक्ता को वेतन का 12 प्रतिशत अंशदान करना होगा, जो ईपीएस पेंशन योजना और कर्मचारी के अपने ईपीएफ खाते के बीच विभाजित होगा। यह राशि प्रति कर्मचारी प्रति माह 2,640 रुपये या वार्षिक 31,680 रुपये होगी। ऐसे 20 कर्मचारियों के मामले में, यह अतिरिक्त पेरोल लागत के रूप में प्रति वर्ष 6,33,600 रुपये होगी। इसके अलावा, ईडीएलआई बीमा अंशदान भी होगा, जो राशि में भले ही छोटा है, लेकिन अब इसकी गणना भी अधिक वेतन आधार पर की जाएगी। नियुक्ति संबंधी निर्णय लेते समय यह नियोक्ताओं के लिए एक वास्तविक लागत है। अधिक लागत कंपनी के लिए एक स्पष्ट निष्कर्ष प्रतीत होती है, लेकिन यह केवल प्रारंभिक प्रभाव है और रोजगार बाजार इससे कहीं अधिक जटिल है। अधिक ईपीएफ कवरेज भर्ती के लिए एक सकारात्मक संकेत के रूप में काम करता है, जिससे अधिक कुशल और अधिक कार्य-क्षमता वाले कामगार आकर्षित होते हैं, क्योंकि नए कर्मचारी किसी नौकरी का मूल्यांकन करते समय केवल मासिक वेतन को ही ध्यान में नहीं रखते। यह कवरेज कर्मचारियों को लंबे समय तक बनाए रखने में भी सहायक हो सकती है। पेंशन और बीमा लाभ वाला कामगार संभवतः अधिक समय तक काम पर बना रहेगा और नौकरी की शुरुआत थोड़ी अधिक सुरक्षा के साथ करेगा। दूरदर्शी नियोक्ता पहले से ही इसे समझते हैं और अच्छीअ प्रतिभाओं को आकर्षित करने के लिए स्वैच्छिक कवरेज प्रदान करते हैं। सामाजिक सुरक्षा की अवधारणा यह है कि यह ट्रैम्पोलीन की तरह न केवल आपको संभालती है, बल्कि फिर से उछलकर आगे बढ़ने में भी सक्षम बनाती है। इस व्यवस्था का मूल उद्देश्य कामगारों को ऐसा कोष उपलब्ध कराना है, जिससे वे आपातकाल के समय या सेवानिवृत्ति के बाद आवश्यकता पड़ने पर धन प्राप्त कर सकें, जिससे कोई अस्थायी संकट जीवनभर की कठिनाई का रूप न ले और उन्हें ऋण-जाल में न फंसाए। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना जैसी पहलें, जिन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक किफायती और सुलभ बनाया है,इस सुरक्षा तंत्र को और मज़बूत बनाती हैं। बदलते रोज़गार स्वहरूपहेतु तैयारी करने के लिए मजबूत उद्योग संपर्कों के साथ,कौशल उन्नयन, पुनःकौशल विकास और नव कौशल विकास के लिए कौशल विकास पारितंत्र का निर्माण किया जा रहा है। अटल पेंशन योजना (एपीवाई) अंशदायी पेंशन कवरेज को उन लोगों के लिए कम आय वर्ग तक और आगे बढ़ाती है, जो निवेश जोखिम उठाने और आर्थिक तथा बाजार वृद्धि के लाभों में भागीदारी के इच्छुक हैं। यह ट्रैम्पोलीन भी कदम दर कदम मज़बूत होता जा रहा है।

(वी. अनंत नागेश्वरन् भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार हैं और श्रुति भारतीय आर्थिक सेवा की एक अधिकारी हैं। व्यक्त किए गए विचार व्यक्तिगत हैं।)

page 8_Layout 1 24-09-2026 21:20 Page 1

चुनावों से पहले ईडी के छापों के विरुद्ध 'आप' नेताओं और कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन, ईडी की टीम का घेराव करके बीजेपी की केंद्र सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

'जब जब मोदी डरता है, पुलिस को आगे करता है': प्रदर्शन के दौरान 'आप' कार्यकर्ताओं ने लगाए जोरदार नारे









डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) ने ईडी की छापेमारी के खिलाफ मोहाली में गमाडा दफ्तर के बाहर ईडी की टीमों का घेराव किया और केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आप कार्यकारी अध्यक्ष और विधायक अमनशेर सिंह शेरी कलसी की अगुवाई में हुए इस प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में आप कार्यकर्ता शामिल हुए। विधायक शेरी कलसी ने कहा कि पंजाब में चुनावों का दौर चल रहा है, लेकिन बीजेपी ने ईडी का दौर ज्यादा बढ़ा दिया है, क्योंकि यह हमें दबाना और हम पर दबाव बनाना चाहते हैं। इन्हें लगता है कि यह जितना परेशान करेंगे, उतना हमारा ध्यान इस तरफ आएगा और प्रचार से ध्यान कम हो जाएगा। दिल्ली में भी इन्होंने चुनावों को प्रभावित करने की कोशिश की थी और वही काम अब यहां कर रहे हैं कि जैसे दिल्ली में चुनाव जीते थे, वैसे यहां भी जीत लेंगे। उन्होंने कहा कि यह चाहते हैं कि पंजाब में दोबारा आम आदमी पार्टी की सरकार न बने, अगर पंजाब में दोबारा सरकार बन गई तो यह फिर पूरे देश में जाएंगे और इन्हें अपना खतरा महसूस होगा। कलसी ने कहा कि लंबी छापेमारी और जांच के बावजूद ईडी को अब तक कुछ भी हासिल नहीं हुआ है। पंजाब में आगामी विधानसभा चुनावों से ठीक पहले केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल करके प्रदेश पर दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है। जैसे-जैसे पंजाब में चुनाव नजदीक आ रहे हैं, ईडी की सक्रियता अचानक बढ़ गई है। प्रदर्शन के दौरान %आप% नेताओं ने स्पष्ट किया कि ईडी की इस कार्रवाई का समय और तरीका सिर्फ सरकारी अधिकारियों को डराने और धमकाने की नाकाम कोशिश है। चुनावों से पहले ईडी की यह लगातार दबिश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बौखलाहट की निशानी है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि पंजाब के लोग और %आप% कार्यकर्ता भाजपा की इस धक्केशाही को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेंगे।

मनीष सिसोदिया का पंजाब से क्या लेना-देना ? रवनीत बिट्टू ने साधा निशाना

'आप' नेताओं पर पंजाब को कथित तौर पर लूटने का आरोप : बिट्टू

डेली आवाज भारती

पंजाब में 2027 विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। मोहाली में GMADA से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ED) की कार्रवाई के बाद आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। ED ने GMADA मुख्यालय के अलावा पंजाब और चंडीगढ़ में कई स्थानों पर तलाशी ली है। एजेंसी की जांच में जमीन अधिग्रहण, संपत्ति से जुड़े लेनदेन और निजी कंपनियों से संबंधित रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। आम आदमी पार्टी ने श्वष्ठ की कार्रवाई को राजनीतिक दबाव से जोड़ते हुए केंद्र सरकार पर केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। वहीं भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने इस मामले को लेकर आप नेताओं पर निशाना साधा है। बिट्टू ने अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और अन्य आप नेताओं का जिक्र करते हुए सवाल उठाया कि उनका पंजाब से क्या लेना-देना है। एक वीडियो जारी कर रवनीत सिंह बिट्टू ने आप नेताओं पर पंजाब को कथित तौर पर लूटने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पंजाब में राजनीतिक हस्तक्षेप करने वाले नेताओं का राज्य से क्या संबंध है। बिट्टू ने अपने बयान में एक व्यक्ति को कथित तौर पर 40 करोड़ रुपये का आर्थिक लाभ पहुंचाने की बात भी दोहराई। हालांकि, इस दावे की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। बिट्टू ने आप की प्रेस कॉन्फ्रेंस को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अगर श्वष्ठ की जांच के दायरे में आए लोगों को लेकर आम आदमी पार्टी को भरोसा है कि वे निर्दोष हैं, तो पार्टी के नेता उनके पक्ष में खुलकर सामने आएं। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक विरोध-प्रदर्शनों में आम कार्यकर्ताओं का इस्तेमाल किया जा रहा है। श्वष्ठ की मौजूदा कार्रवाई GMADA से जुड़े कथित वित्तीय अनियमितताओं और मनी लॉन्ड्रिंग जांच का हिस्सा है। एजेंसी GMADA और पंजाब सरकार के आवास एवं शहरी विकास विभाग से जुड़े रिकॉर्ड की जांच कर रही है। अधिकारियों के अनुसार, मोहाली और न्यू चंडीगढ़ में 5,000 एकड़ से अधिक जमीन से जुड़े मामलों, जमीन के उपयोग में बदलाव और कुछ निजी कंपनियों को कथित आर्थिक लाभ पहुंचाने से संबंधित रिकॉर्ड भी जांच के दायरे में हैं।



पंजाब और पंजाबियों की छवि में प्रभाव

ईडी की कार्रवाई चंडीगढ़ के सेक्टर-39 स्थित सरकारी कोठी नंबर 926 तक भी पहुंची। यह आवास आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन से जुड़ा है। रिपोर्टों के अनुसार, ईडी की टीम ने बुधवार को यहां तलाशी ली और जैन उस समय आवास पर मौजूद नहीं थे। यह कार्रवाई GMADA से जुड़े मामले में चल रही जांच का हिस्सा थी। इस कार्रवाई को लेकर रवनीत बिट्टू ने सवाल उठाया कि सरकारी कोठी किसे आवंटित की गई थी और उसमें कौन रह रहा था। उन्होंने श्वष्ठ की कार्रवाई के विरोध में कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन पर भी सवाल उठाए और आरोप लगाया कि ऐसे विरोध प्रदर्शनों से पंजाब और पंजाबियों की छवि प्रभावित हो रही है।

आम आदमी पार्टी सरकार ने मावां-धीयां के सब्र का लिया इम्तिहान

अब हमे ड्रग्ज के खतरे से लड़ने के लिए एकजुट होना चाहिएः बीबा हरसिमरत कौर बादल

मोगा/चंडीगढ़। शिरोमणी अकाली दल की वरिष्ठ नेता एवं बठिंडा सांसद बीबा हरसिमरत कौर बादल ने आज कहा है कि आम आदमी पार्टी सरकार ने पंजाब की माताओं और बेटियों के धैर्य की परीक्षा ली है जो अब ड्रग्ज के खतरे से ले ने और आम आदमी पार्टी से छुटकारा पाने के लिए एकजुट हो गई हैं , जो उनके बच्चों को इस संकट से बचाने में नाकाम रही है। बठिंडा सांसद ने यहां शहर में और बाघापुराणा में विशाल सभा को संबोधित किया, जिसमें हजारों महिलाएं पार्टी की 'मावां-धीयां' इंसाफ यात्रा में शामिल होने के लिए आगे आई। इस यात्रा के दौरान उन्होने मार्च निकाला और कार्यकारी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा जिन्हे राज्य के राज्यपाल को भेजा जाएगा। यह कहते हुए कि आम आदमी पार्टी सरकार ने अकाली दल के कार्यकाल के दौरान लाभार्थियों को मिलने वाले ''आटा-दाल'' योजना के तहत मिलने वाले 30 किलोग्राम आटे को घटाकर 5 किलोग्राम कर दिया है। बीबा बादल ने कहा,'' हालांकि ''चिटटा'' की कोई कमी नही है।''



उन्होने कहा कि इसी तरह टॉफियों की जगह ड्रग्ज की 'गोली' आ गई है और आम आदमी पार्टी के कार्यकाल में लगभग हर घर में नशा पहुंचाया जा रहा है।

यह आरोप लगाते हुए कि कांग्रेस पार्टी ने एक पूरी पी ी को मिटाने के लिए बंदूक का इस्तेमाल किया था, बीबा बादल ने कहा,'' आम आदमी पार्टी नई 'गोली' के माध्यम से एक और पी ी का सफाया कर रही है।'' उन्होने कहा कि हर दिन एक मां नशे की वजह से अपने बच्चे खो रही। बठिंडा सांसद ने कहा,'' जो आग पे ोसियों का जीवन झूलसा रही थी वह कभी भी आपके दरवाजे तक भी पहुंच सकती है। हमें इसे हर मां और बेटी की ले ाई बनाकर इसके खिलाफ एकजुट होने की आवश्यकता है।'' मुख्यमंत्री द्वारा ड्रग्ज के मुददे पर झूठ बोलने और अकाली दल को बदनाम करने की कोशिश करने के लिए निंदा करते हुए बीबा बादल ने कहा,'' आपने से कों के किनारे नौजवानों को नशे की सुइयों के साथ मृत अवस्था में देखा है?'' उन्होने कहा कि यह अब इसीलिए हो रहा है क्योंकि आप पार्टी के नेता ड्रग तस्करों के कारोबार का संरक्षण कर रहे हैं और तस्करों से मासिक रिश्वत ले रहे हैं। उन्होने कहा,'' यही कारण है कि आम आदमी पार्टी के कार्यकाल के दौरान यह व्यापार दस गुणा बे गया है।'' उन्होने कहा कि ड्रग कहां बेचा जा रहा, इसकी जगहों के बारे दीवारों पर लिखकर जानकारी देने वालों को डराने धमकाने के तरीके की भी निंदा की। बीबा बादल ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि शिरोमणी अकाली दल इस खतरे को हमेशा के लिए खत्म करने के लिए वचनबद्ध है। उन्होने कहा,'' एक बार चुने जाने के बाद हम ऐसा कानून लाएंगें जिसके तहत नशे के तस्करों को दस साल के लिए जमानत से वंचित करेगा और उनके लिए आजीवन कारावास सुनिश्चित करेगा। उनका बचाव करने वालों को भी गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया जाएगा।'' इस समस्या को हमेशा के लिए समाप्त करने की अपनी ''गारंटी'' से मुकरकर पंजाबियों को विफल करने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान की निंदा करते हुए बठिंडा सांसद ने कहा,'' अब हम यह काम खुद करेंगें।'' बीबा बादल ने राज्य की महिलाओं को 3000 रूपये वितरित करके उनकी अंतरआत्मा खरीदने की कोशिश करने के लिए सरकार की आलोचना की। उन्होने कहा,'' आपने महिलाओं को 60 हजार रूपये देने का वादा किया था, उन्हे यह राशि प्राप्त करने का पूरा अधिकार है।'' बठिंडा सांसद ने मुख्यमंत्री की पत्नी गुरप्रीत कौर मान के खिलाफ रिश्वतखोरी के आरोपों की स्वतंत्र जांच की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि मीडिया इन्फ्लूएंसर द्वारा

छिंज कमेटी महिरौली द्वारा 26 सितंबर को विशाल कुश्ती दंगल, समाजसेवी दविंदर सिंह बैनीपाल ने किया पोस्टर जारी

डेली आवाज भारती

कुराली, (संदीप अकालगढ़िया): छिंज कमेटी गांव महिरौली की ओर से 26 सितंबर को विशाल कुश्ती दंगल करवाया जा रहा है। इस संबंध में दंगल के पोस्टर का विमोचन समाजसेवी दविंदर सिंह बैनीपाल द्वारा बैनीपाल फार्म में किया गया। इस अवसर पर दंगल के आयोजन को लेकर आवश्यक तैयारियों और प्रबंधों संबंधी विचार-विमर्श भी किया गया। पोस्टर जारी करते हुए समाजसेवी दविंदर सिंह बैनीपाल ने कहा कि कुश्ती पंजाब की समृद्ध खेल एवं सांस्कृतिक विरासत का अहम हिस्सा है। गांवों में करवाए जाने वाले कुश्ती दंगल युवाओं को खेलों से जोड़ने के साथ-साथ उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने छिंज कमेटी महिरौली द्वारा करवाए जा रहे विशाल कुश्ती दंगल के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे खेल आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र में खेल भावना को बढ़ावा मिलता है और युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा पैदा होती है। छिंज कमेटी के आयोजकों ने बताया कि 26 सितंबर को आयोजित होने वाले विशाल कुश्ती दंगल में विभिन्न क्षेत्रों से पहलवान भाग लेकर अपने कुश्ती के जौहर दिखाएंगे। दंगल को लेकर गांववासियों और क्षेत्र के खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। दविंदर सिंह बैनीपाल ने कहा कि युवाओं को नशे और अन्य सामाजिक बुराइयों से दूर रखकर खेलों की ओर प्रेरित करना समय की जरूरत है।



चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने 2025-26 बैच के 1,342 कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान कीं

- सीएसई कन्वोकेशन में विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तकनीकी कौशल के साथ नवाचार और समस्या समाधान पर ध्यान देने का संदेश

डेली आवाज भारती

मोहाली, (संदीप अकालगढ़िया): चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के कैंपस में 2025-26 बैच के अंडरग्रेजुएट कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (सीएसई) विद्यार्थियों के लिए वार्षिक डिग्री वितरण समारोह (कन्वोकेशन) का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग तथा प्रमुख टेक्नोलॉजी कंपनियों के सहयोग से संचालित विशेष ट्रैक वाले बीई-सीएसई कार्यक्रमों के कुल 1,342 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं। समारोह की अध्यक्षता डिश टीवी इंडिया लिमिटेड के सीईओ मनोज डोभाल ने मुख्य अतिथि के रूप में की। उन्होंने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर (डॉ.) एस.एस. सहगल तथा विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्नातक विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान कीं। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डिश टीवी इंडिया लिमिटेड के सीईओ मनोज डोभाल ने कहा कि आज भारत ऐसे दौर में है जहां देश के पास केवल दुनिया में तैयार किए गए उत्पादों और तकनीकों का इस्तेमाल करने का ही अवसर नहीं, बल्कि भारत की जरूरतों के अनुसार समाधान तैयार करके उन्हें पूरी दुनिया तक पहुंचाने की भी अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि 'मेक इन इंडिया' अभियान को अगले स्तर तक ले जाने के लिए भारत के लिए निर्माण करने और भारत में ही उत्पाद एवं समाधान विकसित करने पर जोर देना होगा। उन्होंने कहा कि 1.4 अरब की आबादी और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ भारत अवसरों की भूमि है। वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को साकार करने में देश के युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे केवल नौकरी की तलाश तक सीमित न रहें, बल्कि समाज और देश के सामने मौजूद समस्याओं को पहचानकर उनके समाधान तलाशने पर ध्यान केंद्रित करें। मनोज डोभाल ने विद्यार्थियों से किसानों, गांवों और कारोबारों से जुड़ी समस्याओं की पहचान कर उन्हें उत्पादों, उद्यमों, एप्लीकेशनों और तकनीक आधारित समाधानों में बदलने की क्षमता विकसित करने का आह्वान किया।



लमरीन यूनिवर्सिटी में महिला स्टाफ ने खोला मोर्चा: फर्जी एडमिशन-डिग्री में 'मदद' के दबाव का आरोप, प्रेस क्लब में सुनाया कथित अश्लील ऑडियो

- दो सीनियर महिला कर्मचारियों का दावा– नियमों पर सवाल उठाए तो शुरू हुई प्रताड़ना; मॉलेस्टेशन, निलंबन और वेतन कटौती के भी आरोप

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। लमरीन टेक स्किल्स यूनिवर्सिटी में कथित अनियमितताओं को लेकर दो सीनियर महिला स्टाफ सदस्यों ने बुधवार को प्रेस क्लब चंडीगढ़ में मोर्चा खोल दिया। एक साथी और एडवोकेट सुनील मल्हन की मौजूदगी में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिलाओं ने यूनिवर्सिटी के उच्च अधिकारियों पर यौन शोषण व अश्लील हरकत के गंभीर आरोप लगाए, शिकायतकर्ताओं का दावा है कि उनसे फर्जी एडमिशन और कथित झूठी डिग्री से जुड़े मामलों में मदद करने के लिए दबाव बनाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्होंने नियमों के खिलाफ जाने से इनकार किया और लगभग सभी एडमिशन, परीक्षाओं तथा पीएचडी कार्यक्रम की प्रक्रिया पर सवाल उठाए तो कथित तौर पर उन्हें निशाना बनाया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में शिकायतकर्ताओं ने एक कथित अश्लील ऑडियो रिकॉर्डिंग भी मीडिया के सामने जारी की। महिलाओं का आरोप है कि उन्हें अनुचित व्यवहार और मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ा। एक शिकायतकर्ता ने खुद को कथित मॉलेस्टेशन की पीड़िता बताते हुए पूरे मामले की स्वतंत्र जांच की मांग की।



'एडमिशन-परीक्षा में बाहरी दखल पर सवाल उठाए तो बदला रवैया'

शिकायतकर्ताओं के अनुसार, यूनिवर्सिटी में एडमिशन और परीक्षा प्रक्रिया में बाहरी लोगों की कथित भूमिका को लेकर उन्होंने सवाल उठाए थे। पीएचडी कार्यक्रम के नियामकीय नियमों और प्रक्रिया पर भी आपत्ति जताई। उनका आरोप है कि इसके बाद उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू हुई। एक महिला ने दावा किया कि दिसंबर 2025 में उसे महत्वपूर्ण पद से हटाकर कम जिम्मेदारियों वाली भूमिका में भेज दिया गया। इसके बाद 15 जुलाई 2026 को निलंबित करने, वेतन में 50 फीसदी कटौती करने और कम पद की पेशकश करने का आरोप भी लगाया गया। शिकायतकर्ता ने प्रो वाइस-चांसलर बीएस सत्याल पर कथित तौर पर डराने-धमकाने और अपमानजनक व्यवहार के आरोप लगाए। एडवोकेट सुनील मल्हन ने कहा कि शिकायतकर्ताओं द्वारा लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने कथित ऑडियो, दस्तावेजों और अन्य साक्ष्यों की जांच कर सच्चाई सामने लाने की मांग की। एसडीजीपी के जांच आदेश, शिकायतकर्ताओं का दावा–'अब तक नहीं हुई कार्रवाई' शिकायतकर्ताओं ने बताया कि मामले की शिकायत के बाद स्पेशल डीजीपी (कम्युनिटी अफेयर्स एंड वूमेन अफेयर्स) गुरप्रीत दियोल ने जांच के आदेश दिए थे। एआईजी वत्सला गुप्ता को कार्यस्थल पर कथित उत्पीड़न, लैंगिक भेदभाव, बदले की कार्रवाई और रोजगार संबंधी अधिकारों से जुड़े आरोपों की जांच करनी थी। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि जांच के आदेश के बावजूद अब तक उन्हें अपेक्षित न्याय नहीं मिला।

पावरग्रिड अंतर-क्षेत्रीय ब्रिज टूर्नामेंट-2026 का चंडीगढ़ में शुभारंभ

चंडीगढ़। चंडीगढ़ में आज तीन दवसीय पावरग्रिड अंतर-क्षेत्रीय ब्रिज टूर्नामेंट 2026 का शुभारंभ हुआ। इस टूर्नामेंट में पावरग्रिड के विभिन्न क्षेत्रों से बारह टीमें भाग ले रही हैं। भाग लेने वाली टीमें हैं- दक्षिण क्षेत्र-I (SR-I), दक्षिण क्षेत्र-II (SR-II), पूर्व क्षेत्र-I (ER-I), पूर्व क्षेत्र-II (ER-II), पश्चिम क्षेत्र-I (WR-I), पश्चिम क्षेत्र-II (WR-II), उत्तर-पूर्व क्षेत्र (NER), उत्तर क्षेत्र-I (NR-I), उत्तर क्षेत्र-III (NR-III), उत्तर-पश्चिम क्षेत्र (NWR), कॉर्पोरेट सेंटर (CC) और मेज़बान क्षेत्र उत्तर क्षेत्र-II (NR-II)। टूर्नामेंट के मैच लीग-कम-नॉकआउट के आधार पर आयोजित किए जा रहे हैं। इस तीन दिवसीय टूर्नामेंट के दौरान, भाग लेने वाली टीमें टीम और पेयर चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करेंगी। टूर्नामेंट की शुरुआत आज एक भव्य उद्घाटन के साथ हुई। टूर्नामेंट का उद्घाटन श्री तरुण बजाज, कार्यपालक निदेशक (उत्तरी क्षेत्र-II) द्वारा श्री आशुतोष के शर्मा, महाप्रबंधक (एचआर), तथा पावरग्रिड एवं पंजाब ब्रिज एसोसिएशन के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। यह टूर्नामेंट पंजाब ब्रिज एसोसिएशन की देखरेख में आयोजित किया जा रहा है।

एडिशनल डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट ने धान की पराली जलाने पर रोक लगाई



डेली आवाज भारती

बरनाला के एडिशनल डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट श्री विवेक कुमार मोदी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 163 के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए बरनाला जिले में धान की पराली (फसल के अवशेष) जलाने पर पूरी तरह रोक लगाने का आदेश जारी किया है। एडिशनल डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट ने कहा कि यह देखा गया है कि किसान अक्सर धान की कटाई के बाद फसल के अवशेषों में आग लगा देते हैं; इस काम से नुकसान का खतरा रहता है और धुएं के कारण भारी वायु प्रदूषण होता है। इस तरह आग लगाने से सांस की बीमारियां हो सकती हैं और मिट्टी की उपजाऊ क्षमता भी कम होती है। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियों से पास की खड़ी फसलों या गांव में आग फैलने का खतरा रहता है, जिससे बड़े हादसे हो सकते हैं; इसके अलावा, धुएं के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं से जान-माल के नुकसान का खतरा भी बना रहता है। इसलिए, बरनाला जिले में धान के अवशेष जलाने पर पूरी तरह रोक लगाई गई है। उन्होंने आगे कहा कि ये आदेश बरनाला जिले में 20 नवंबर, 2026 तक लागू रहेंगे।

CMYK